मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 85
शनिवार, 05 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## मिजार्पुर में ट्रक और ट्रैक्टर में भिंड़त, 10 मजदूरों की मौत, 3 घायल

◆हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे पर जाम लगाया

◆भदोही में कंस्ट्रक्शन साइट से लौट रहे थे ट्रैक्टर सवार मजदूर

सुरेश गांधी

**वाराणसी।** प्रयागराज-वाराणसी मार्ग के मिजार्पुर में हाईवे पर कछवा, क्षेत्र के कटका पड़ाव के पास एक ट्रैक्टर और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर में दस मजदूरों की मौत हो गई। जबकि तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं. की है. ट्रैक्टर पर सवार मजदूर भदोही में कंस्ट्रक्शन साइट से लौट रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉली को ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे ट्रैक्टर के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया. ट्रक की स्पीड इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर पर चढ़ गया और ट्रॉली में बैठे मजदूर उछलकर 15 फीट दूर जा गिरे। पुलिस के मुताबिक मजदूर औराई के तिवरी गांव से ढलाई कर वाराणसी अपने घरों के लिए लौट रहे थे. हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जबकि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाराणसी-प्रयागराज हाइवे पर जाम लगाया. सभी मृतक मिजार्मुराद (वाराणसी) के रामसिंहपुर बीरबलपुर गांव स्थित दलित बस्ती के हैं। यहां सभी परिवारों में करूण-क्रंदन मच गया। हर किसी की निगाहें नम हो गई थीं। कई मजदूरों के मासूम बच्चे हैं। उनकी पत्नियां बेसुध हो गई थीं।

घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। चारों ओर रोना धोना चीख-पुकार सुनाई दे रहा था। लिफ्ट मिक्सर मशीन (ढलाई मशीन) के मालिक भानु प्रताप की 4 वर्ष पहले शादी हुई थी। भानु दो भाइयों में बड़ा था था। इनको 2 वर्ष की एक बेटी (पीहू) है। पत्नी शशि व मां रीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृतक विकास कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा और अविवाहित बताया है। स्नातक की पढ़ाई के साथ ही मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक की मां अनीता का रो-रोकर बुरा हाल रहा। अनिल कुमार चार भाइयों में सबसे बड़ा व सूरज छोटा भाई था। दोनों सगे भाई बताए गए। पिता हुबलाल खेती का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते है। छोटा बेटा



सूरज दिल्ली में रहकर किसी प्राइवेट कम्पनी में जॉब करता है। 25 दिन पहले वह घर आया था। पिता हुब लाल ने बेटे की शादी करने को घर बुला लिया था। बड़े बेटा अनिल कुमार को आकाश (10) व अमित (8) नामक दो बेटे हैं। मृतक की पत्नी लक्ष्मी की 5 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। इस हादसे के कारण इन दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। मृतक रोशन कुमार दो भाई एक बहन में सबसे छोटा रहा। वह कक्षा 9 का छात्र बताया गया।

पिता दीनानाथ फेरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मा मंजू सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गईं। मृतक अरुण कुमार पुत्र मुन्ना लाल दो भाइयों में बड़ा था। अरुण का 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। निहाल (3) व अरमान (8 माह) दो बेटे है। नाना बाबा राम का रो-रो कर बुरा हाल रहा। अरुण कुमार अपने ननिहाल में नवासा पर रहकर काम कर अपने नाना का देखभाल करता था। मृतक प्रेम कुमार गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) रहे। ये भी मजदूरी का काम करते थे। ये तीन बेटे व एक बेटी के पिता हैं। प्रेम कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की पत्नी विमला देवी का रो-रो कर बुरा हाल रहा। ट्रैक्टर चालक मृतक सनोहर कुमार अपने पिता का इकलौता पुत्र है, जो अविवाहित था। उसकी दो बहनें हैं। पिता नंदू लाल मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मृतक नितिन चार भाइयों पर तीसरे नंबर पर था, जो 11वीं का छात्र हैं।

## हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 04 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने एक्स पोस्ट के जरिए हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी, अपराध और नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने विजय संकल्प यात्रा के दौरान लोगों के साथ अपने अनुभव और बातचीत साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सहारा लिया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाई गई बेरोजगारी की बीमारी ने हरियाणा की जड़ों, युवाओं के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा को गहरे संकट में डाल दिया है। राहुल ने हरियाणा के निवासियों के साथ अपनी बैठकों का विवरण दिया, जिन्होंने अपनी यात्रा के दौरान घर की बनी रोटियाँ साझा कीं और उन्हें राज्य की जटिल समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की फैलाई बेरोजगारी की बीमारी ने हरियाणा की जड़ों, युवाओं के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा को गहरे संकट में डाल दिया है। हरियाणा की कुछ बहनों ने विजय संकल्प यात्रा के दौरान आश्रय दिया, बहुत प्यार से घर की रोटी खिलाई और साथ ही प्रदेश की जटिल समस्याएं समझाईं। आज, भारत में सबसे अधिक बेरोजगारी हरियाणा में है। इसका कारण है - भाजपा ने एक दशक में प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने वाली हर प्रणाली की रीढ़ तोड़ दी है।

राहुल ने अपने पोस्ट में दावा किया कि गलत ऋ्ळ और नोटबंदी से छोटे व्यापारों की कमर तोड़ दी। अग्निवीर से सेना की तैयारी करने वाले युवाओं का हौंसला तोड़ा।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में मुठभेड़, 30 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने किया ढेर, कई हथियार बरामद

**नारायणपुर, 04 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 30 संदिग्ध नक्सली मारे गए हैं। बस्तर पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नारायणपुर-दंतेवाड़ा अंतर-जिला सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में दोपहर करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अधिकारियों ने कहा कि माओवादियों के शवों की अभी तक पहचान नहीं की जा सकी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है क्योंकि पुलिस दल अभी भी जंगल में हैं।

महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के



बीच फैला अबूझमाड़ को 'अज्ञात पहाड़ी' के रूप में जाना जाता है क्योंकि ब्रिटिश काल के बाद से 6,000 वर्ग किमी के घने जंगल का सर्वेक्षण नहीं किया गया है। जंगल माओवादी गतिविधियों का केंद्र है और कहा जाता है कि सीपीआई (माओवादी) के लगभग एक दर्जन वरिष्ठ कैडर अभी भी वहां डेरा डाले हुए हैं।

दोपहर में पुलिस द्वारा जारी बयान में यह भी खुलासा हुआ कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल और एक एसएलआर (सेल्फ-लोडिंग राइफल) सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।

## वोट बैंक की राजनीति, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार कांग्रेस के पर्यायः जेपी नड्डा

**हिमाचल प्रदेश, 04 अक्टूबर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज अपने गृहराज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। इस दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हम सबके लिए बहुत ही खुशी की बात है और मैं उसके लिए आप सबको धन्यवाद देता हूं कि लोकसभा के चुनाव में आपने हिमाचल की चारों सीट भाजपा को जिताई। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते मैं हिमाचल की जनता को और हर वोटर को इसके लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि 60 साल बाद हमारे नेता प्रधानमंत्री मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित हुए हैं।



नड्डा ने कहा कि मुझे इस बात की भी खुशी है कि ओडिशा में आप सबकी शुभकामनाओं से पहली बार विशुद्ध भाजपा की सरकार बनी है। आंध्र में NDA की सरकार बनी है। कुल मिलाकर देश के 18 प्रदेशों में NDA की सरकार है, जिसमें से 13 प्रदेशों में भाजपा की विशुद्ध सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की अथक मेहनत और ताकत से आज 98% भू-भाग पर कमल खिला हुआ है। इसके लिए मैं भारत और हिमाचल की जनता की बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं।

लोगों से नड्डा ने कहा कि आपका भविष्य, आपके बच्चों का भविष्य तभी सुरक्षित हुआ है, जब भाजपा शासन में आई और भाजपा को आपकी सेवा करने का मौका मिला। हिमाचल में भी अगर विकास का कोई पत्थर लगा है, तो उसके ऊपर भी भाजपा का निशान है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी जब भी आती है और जहां भी आती है, वहां जातिवाद, अलगाववाद और राष्ट्र विरोधी तत्व विराजमान होते हैं। जाति को जाति से लड़ाओ, मजहब को मजहब से लड़ाओ, इलाके को इलाके से लड़ाओ, भाई को भाई से लड़ाओ, वोटबैंक, तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार, ये सब कांग्रेस के साथ जुड़े हुए हैं।

नड्डा ने साफ तौर पर कहा कि वोट बैंक की राजनीति, तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार कांग्रेस के पर्याय हैं। कांग्रेस पाकिस्तान के साथ बातचीत और नियंत्रण रेखा के पार व्यापार की वकालत करती है। क्या यह दृष्टिकोण बुद्धिमानीपूर्ण है? उन्होंने दावा किया कि हमनें गांव, गरीब, वंचित और पीड़ित के लिए काम किया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में हर गांव का विकास हुआ है, गांव में ऑप्टिकल फाइबर पहुंचा है, गांव-गांव में CSC कार्य कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारत का अपमान किया। वह बुरा बोलते है और नकारात्मकता और विभाजन फैलाते है।' उनका कहना है कि एक समय आएगा जब हम आरक्षण खत्म कर देंगे। लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं, जब तक मोदी जी और भाजपा सत्ता में हैं, आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा! उन्होंने आगे कहा कि यहां के मुख्यमंत्री सुक्खू जी कहते हैं कि केंद्र हमारी मदद नहीं कर रहा।

## शरद पवार की आरक्षण सीमा 75 प्रतिशत करने की मांग बौद्धिक दिवालियापन : प्रकाश आंबेडकर

**मुंबई।** वंचित बहुजन अघाडी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा महाराष्ट्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने की मांग को लेकर शुक्रवार को उन्हें आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि पवार की मांग बौद्धिक दिवालियापन का संकेत हैं। उन्होंने सवाल किया कि निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ कब मिलेगा जिसमें अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं का प्रभुत्व है।

आंबेडकर ने कहा, यह बौद्धिक दिवालियापन है। आरक्षण विकास का मुद्दा नहीं है। यह प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। शरद पवार ने सांगली में कहा था, वर्तमान आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत है। लेकिन अगर तमिलनाडु (विभिन्न समुदायों के लिए आरक्षण) 78 प्रतिशत कर सकता है तो महाराष्ट्र में 75 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं किया जा सकता। आंबेडकर ने कहा कि 75 प्रतिशत आरक्षण की मांग नागरिकों को सुरक्षित जीवन मुहैया कराने की जिम्मेदारी से भागने के समान है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के बारे में वीबीए प्रमुख ने कहा कि उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए नहीं तो अब कोई उनके मराठा नेता होने पर विश्वास नहीं करेगा। आंबेडकर ने कहा, पूर्व में जरांगे के बारे में कहा जाता था कि वह (उप मुख्यमंत्री देवेंद्र) फडणवीस के लिए काम कर रहे हैं। बाद में कहा जाने लगा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए काम कर रहे हैं। अब कहा जा रहा है कि वह शरद पवार के लिए काम कर रहे हैं। अगर वह अपनी इस छवि से बाहर निकलना चाहते हैं तो उन्हें चुनाव लड़ने की घोषणा करनी चाहिए।

## दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी पूरी : सिंघल

**वाराणसी।** दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। विद्युत विभाग ने खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदल दिया है और 33 केवी तथा 11 केवी लाइनों का मेंटेनेंस का काम पूरा कर लिया है। खास यह है कि नई शुरू की गई व्हाट्सएप सेवा, से ग्राहकों को बिल की जानकारी, बिल देखना और डाउनलोड करना, भुगतान विकल्प, नए कनेक्शन के लिए आवेदन, कोटेशन पूछताछ, बिजली कटौती की रिपोर्टिंग और ऊर्जा बचत संबंधी सुझाव सहित विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही है। पूजा शुरू होने से पहले रख रखाव का काम पूरा कर लिया जाएगा. कर्मी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे।

दुर्गा पूजा में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए बिजली विभाग द्वारा क्षेत्रवार बिजली कर्मी और अधिकारियों को कंट्रोल रूप गठित कर जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम द्वारा लोगों की परेशानी का 24 घंटे समस्या का निदान किया जाएगा। जिम्मेदारी दिए गए अधिकारी और कर्मियों की दूरभाष संख्या उपभोक्ताओं के हित में सार्वजनिक की गई है। इसके अलावा दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान बिजली की बेहतर आपूर्ति को लेकर बिजली विभाग ने उपकेंद्रवार कर्मचारियों को पेट्रोलिंग करते रहने को कहा गया है। जेई, एसडीओ से लेकर अधिशासी अभियंता को आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करते रहने की जिम्मेदारी मुख्य अभियंता ने दी है।

बिजली निगम के मुख्य अभियंता अरविंद कुमार सिंघल ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। पंडालों में निर्बाध आपूर्ति मिल सके, इसके लिए सभी अधिशासी अभियंता को अपने-अपने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की निगरानी करनी होगी। दुर्गा पूजा पंडालों में विद्युत व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए पूरे इंतेजाम किए गए हैं इसके साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिए पंडाल में इंतेजामों को जांचने के लिए रोजाना विभाग की टीम



मुस्तैदी करेगी। उनका दावा है कि दुर्गा पूजा के मौके पर लोगों को बिजली आपूर्ती की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी. इसके लिए विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है. लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका खास ख्याल रखा जा रहा है. बिजली विभाग के कर्मचारी 24 घंटे पेट्रोलिंग का कार्य करेंगे.

दुर्गा पूजा के मौके पर सुरक्षित बिजली की निर्बाध उपलब्धता होगी. इसके लिए पूजा से पहले ही रखरखाव का काम पूरा कर लिया जाएगा. पूजा- पंडाल के आसपास बिजली के तार लगाए जा रहे है. इसके अलावा गली, मुहल्ले और इलाकों में बिजली के तार को बढ़िया किया जा रहा है. फिलहाल, विभाग की ओर से तैयारियां जारी है. आपूर्ति ट्रांसफार्मरों के फ्यूज और तेल की जांच की जा रही है. पेड़ की डालियों से अलग तार सट रहे है को उनकी कटाई की जा रही है. विद्युत आधीक्षण अभियंता से लेकर कार्यपालक विद्युत अभियंता और कनीय विद्युत अभियंता अलग- अलग चरणों में पेट्रोलिंग का कार्य करेंगे. पूजा की समाप्ति तक विभाग के कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहेंगे.

## सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकार पर आपराधिक मामले दर्ज नहीं किए जा सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 04 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने 4 अक्टूबर को सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार के बारे में आलोचनात्मक लेखन के लिए पत्रकारों पर आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक मामले सिर्फ इसलिए नहीं थोपे जाने चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना माना जाता है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ उपाध्याय की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने अपने पत्रकारिता लेख को लेकर यूपी पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद्द



करने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश राज्य को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने मामले को 5 नवंबर के लिए पोस्ट कर दिया।

पीठ ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता के संबंध में कुछ प्रासंगिक टिप्पणियाँ कीं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि लोकतांत्रिक देशों में किसी के विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है। पत्रकारों के अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत संरक्षित हैं। केवल इसलिए कि एक पत्रकार के लेखन को सरकार की आलोचना, आपराधिक माना जाता है लेखक के खिलाफ मामले नहीं थोपे जाने चाहिए। अपनी याचिका के माध्यम से उपाध्याय ने यूपी पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के साथ-साथ अन्य स्थानों पर घटना के संबंध में दर्ज की गई अन्य एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विपक्ष के नेता अखिलेश यादव द्वारा 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी सराहना किए जाने के बाद उनका लेख चर्चा का विषय बन गया। इसके बाद उन्हें ऑनलाइन धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। ऐसी धमकियों के खिलाफ उन्होंने यूपी पुलिस के कार्यवाहक डीजीपी को एक ईमेल लिखा और उसे अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया।



# मुस्कान से आसान होती है मुश्किलें



-ललित गर्ग

प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। आज मनाए जाने वाले विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, स्माइली निमार्ता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे।

अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरूआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठों को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा।

सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात-बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती। मुस्कुराना-हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। मुस्कान एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कान से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है।

आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। मुस्कुराने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर मुस्कुराना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये मुस्कुराने को उपयोगी बताते हैं। क्योंकि जोर-जोर से कहकहे लगाने एवं मुस्कुराने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है। इससे शरीर में मौजूद हारमोन दाता प्रणाली (एंडोफ्राइन ग्रंथि) सुचारुरूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है।

जो लोग हमें अपनी बातों से, अपने कार्यों एवं सोच से हमें मुस्कान देते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की मुस्कान लाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, ह्यहंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है। हंसना-मुस्कुराना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एवं मुस्कान एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। मुस्कान एवं हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी-मुस्कान ही दुनिया को एकजुट कर सकती है।

दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। मुस्कुराने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास एवं मुस्कान पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसने-हंसाने-मुस्कुराने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है और दिल से मुस्कुराना तो किसी दवा से कम नहीं है। मुस्कान एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। प्रमुख विद्वान थैकर एवं शेक्सपियर जैसे विचारकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि प्रसन्नचित व्यक्ति अधिक जीता है। मनुष्य की आत्मा की संतुष्टि, शारीरिक स्वस्थता व बुद्धि की स्थिरता को नापने का एक पैमाना है और वह है चेहरे पर खिली प्रसन्नता। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने-मुस्कुराने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को मुस्कान व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को मुस्कन देते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली का संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण का प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते-मुस्कुराते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो। दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद के डर से सहमे हुए हैं, हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल मुस्कान ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक, मुस्कुराने को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल-जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए मुस्कान कारगर साबित हो सकता है। मुस्कुराने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक मुस्कुराते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है।

मुस्कुराने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं, पता ही नहीं चलता। डर, भय, असुरक्षा, आतंकवाद से हर इंसान सहमा हुआ है, तब मुस्कान दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। इस व्यस्त, अशांत एवं तनावग्रस्त जिंदगी में लोग कम से कम एक दिन तो अपने लिए निकालें और जी भरकर मुस्करायें।

# विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने का क्रेज का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है



अशोक भाटिया

पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है। सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि इससे देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है। इससे उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है। इसके अलावा, देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। यूक्रेन युद्ध में भारतीय छात्र फंसे तो नेताओं को पता चला कि इतने सारे भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने विदेश जाते हैं। उसके बाद मुख्यमंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्री तक ने हैरानी जताई। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अधिक जाग चूका है और अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि इजराइल में फिलहाल करीब 18 हजार भारतीय जबकि वेस्ट बैंक में करीब एक दर्जन और गाजा में तीन से चार भारतीय रह रहे हैं। जब यहाँ छात्र किसी कारण से फंसते है तो भारत सरकार को ह्यएयर-लिफ्ट ह्यका सहारा लेना पड़ता है जो परेशानी भरा होता हैं। बताया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26।44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बरर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया।

वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानि लगभग 2 लाख करोड़ रूपए रहा और रेडसियर स्टाटेर्जी कन्स्लटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानि 7 लाख करोड़ रूपए तक पहुंच सकता है, जब अनुमानित 20 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री बी। मुरलीधरन ने 25 मार्च 2022 को लोकसभा को सूचित किया किया था कि वर्तमान में 13 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ रहे हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार के इस वक्तव्य के अनुसार वर्ष 2021 में 4।44 लाख विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने गए। एक अन्य सरकारी वक्तव्य के अनुसार नवंबर 30, 2022 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6।46 लाख थी, यानि 45 प्रतिशत की वृद्धि। यदि राज्यवार ब्यौरा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों में 12 प्रतिशत पंजाब से, 12 प्रतिशत से ही आंध्र प्रदेश से और 8 प्रतिशत गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में 4 युवा और गुजरात से प्रति हजार में से कम से कम 2 युवा विदेशों में हर साल पढ़ने जा रहे हैं। यदि वर्ष 2016 से 2022 के संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी भयावह दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 14 प्रति हजार है।

विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि के कारण देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। ऐसा देखने में आ रहा है कि उनके माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर इन युवाओं को विदेशों में पढ़ने के लिए भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से पंजाब के गांवों में बड़ी मात्रा में विदेशों से धन आता था। विदेशों में पढ़ाई के इस क्रेज के चलते यह प्रक्रिया उलट हो गई है, यानि अब विदेशों से धन आने के बजाय विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 के अंत तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि 80 अरब डालर पहुंच जाएगी, तो यह देश के लिए अत्यंत संकटकारी स्थिति का कारण बनेगा।

गौरतलब है कि युवाओं का शिक्षा के लिए विदेशों में पलायन, देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी की वजह से नहीं है। वास्तव में देश में पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में भारी प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या वर्ष 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटेतौर पर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में 10 गुणा से भी ज्यादा हो चुकी है। यदि उच्च शिक्षा संस्थानों की बात की जाए तो देखते हैं कि वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43796 महाविद्यालय और अन्य स्वतंत्र संस्थान 11296 थे। इसी वर्ष देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में 15।51 लाख शिक्षक कार्यरत थे। देश में कई विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं और कई अन्य राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालय हैं और कई विश्वविद्यालय सम यानि डीम्ड विश्वविद्यालय हैं। देश में कई विश्वस्तरीय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जिनसे शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी वैश्विक कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन हैं। जहां तक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए फीस का सवाल है, अधिकांश भारतीय शिक्षा संस्थानों में फीस विदेशी संस्थानों में फीस से कहीं कम है और जिन विदेशी संस्थानों में भारतीय युवा प्रवेश ले रहे हैं, उनमें से अधिकांश का स्तर अत्यंत नीचा है।

तो सवाल उठता है कि भारी भरकम राशि खर्च कर भारत के युवा विदेशी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश क्यों लेते हैं। इसका सीधा उत्तर यह है कि विदेशों में जाने वाले अधिकांश विद्यार्थी उच्च स्तरीय शिक्षा में प्रवेश लेकर वास्तव में कोई उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त करने के लिए जाते हैं, ऐसा नहीं है। आस्ट्रेलिया, कनाडा, और यहां तक कि इंग्लैंड समेत अन्य यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों का वास्तविक लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि वहां रोजगार प्राप्त करना है। लेकिन भारतीय युवा यह समझने के लिए तैयार नहीं है कि इन देशों में भी रोजगार की भारी कमी है। कई देशों में वहां के स्थानीय लोग भारतीय एवं अन्य देशों से आने वाले युवाओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें भी देखने को मिल रही हैं। देश से जाने वाले अधिकांश युवा विद्यार्थी वहां रोजगार प्राप्त करने में असफल हो रहे हैं और उन्हें स्वदेश वापिस लौटना पड़ता है, जिसके कारण वे भारी कुंठा का भी शिकार हो रहे हैं।

चूंकि व्यक्तिगत तौर पर विदेशों में जाने वाले युवा विद्यार्थी, पूर्व में विदेशों में जाने वाले भारतीयों की सफलता की गाथाओं से प्रभावित होकर विदेशों की ओर रूख कर रहे हैं। लेकिन वे यह समझ नहीं पा रहे कि आज कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में, जहां वे शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले रहे हैं, वे शिक्षा संस्थान स्वयं के आस्तित्व को बचाने हेतु भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से अपनी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दे रहे हैं। यही नहीं भारतीय और अन्य देशों के अति इच्छुक विद्यार्थियों से भारी फीस ऐंठने हेतु शिक्षा की कई दुकानें भी खुल रही हैं, जिनका वास्तविक शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है।

ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकारों को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को इस हेतु वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है, ताकि वे विदेशों में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गवा दें। गौरतलब है कि पिछले लगभग दो दशकों से भारत के कई नागरिक एजेंटों के माध्यम से विदेशों में, खास तौर पर खाड़ी के देशों में रोजगार की तलाश में गए और वहां उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था। उन्हें अत्यंत अमानवीय परिस्थितियों में रहना पड़ता था, ऐसे में भारत सरकार द्वारा विविध प्रकार के प्रयासों से समझाने की कोशिश की गई और सरकार ने एजेंटों के पंजीकरण को अनिवार्य किया और विदेशों में जाने वाले भारतीयों के हित संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास भी किए,इसी तर्ज पर देश के अनभिज्ञ युवा जो विदेशों में शिक्षा के नाम पर ठगे जा रहे हैं, उन्हें इस समस्या से बचाने के लिए सरकार को प्रयास करने होंगे। समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भी इस हेतु आगे आना होगा। भारत में शिक्षा का स्तर आस्ट्रेलिया या कनाडा जैसे देशों के बराबर बनाना होगा ताकि हमारे विद्यार्थियों को किसी अन्य देश में जाने की नौबत ही न आए!

# विश्व-युद्ध की पृष्ठभूमि में इजरायल, हमास लेबनान ईरान युद्ध



संजीव ठाकुर

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार वैश्विक युद्ध की भूमिका वैसे तो इसराइल और फिलिस्तीन युद्ध ने पहले से ही रख दी थी हिजबुल्ला लड़ाको ने इजराइल फिलिस्तीन हमास युद्ध के बीच कूद कर युद्ध में आग में घी का काम किया है। इसके अलावा लेबनान ने इस युद्ध में अपने को शामिल अपनी आहुति दे दी। इसराइल ने जिस तरह लेबनान में छिपे हिजबुल्ला के आतंकवादियों को चुन चुन कर निशाना बनाया और उसमें कमांडर नसरूल्लाह की हत्या ने पूरे ईरान और शिया समुदाय को हिलाकर आक्रोशित कर दिया है। ईरान ने इसे अपना प्रतिष्ठा का प्रश्न बनकर लगभग 300 टारगेटेड मिसाइल इसराइल पर दाग कर विश्व युद्ध की भूमिका तैयार कर दी है। यह अलग बात है कि इजरायल अब अमेरिका के नियंत्रण से बाहर हो गया अमेरिका और यूरोपीय देश अपनी प्रतिबद्धता के कारण इसराइल को समर्थन दे रहे हैं। अब इसराइल बेलगाम होकर ईरान लेबनान और हमास के आतंकवादियों पर खुलकर हमला कर उन्हें नेस्तनाबूत करने पर उतारू है । इसराइल के इस युद्ध में अरबो रुपए खर्च हो चुके हैं उधर ईरान ने भी लगभग 30 करोड़ की मिसाइल से अपना हमला कर इरादे साफ कर दिए हैं कि अब ईरान भी रुकने वाला नहीं है। इन सब युद्ध की गतिविधियों से विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ गई है

और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध बन गया है। उधर अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैसे भी रूस यूक्रेन युद्ध को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं और युद्ध रोकने के जितने भी प्रयास है असफल हो चुके हैं वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका रूस-यूक्रेन और इजरायल हमास, फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान युद्ध को हर संभव तरीके से रोकना होगा होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध करेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है। चीन अब क्वाड सम्मेलन को अपना विरोधी बताकर लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियां भारत के विरुद्ध बढ़ाने में लग गया है। 13 देशों के आर्थिक समुदाय ने भी चीन को एक खुला संदेश देकर चुनौती दे दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका तथा चीन के विरुद्ध आर्थिक क्षेत्र तथा सामरिक क्षेत्र में खुली प्रतिस्पर्धा मैदान में आ गई है। अमेरिका वैसे भी पूर्व से ही रूस का विरोधी रहा है अब अमेरिका चीन तथा रूसी गठबंधन को आने वाले समय के लिए एक बड़ा खतरा मानते पूरे विश्व को इन दोनों के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक शांति और सभ्यता को नष्ट होने से बचाने के लिए इन दोनों देशों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक भी है।

# हरियाणा में पिछड़ रही भाजपा मतदान से ठीक पहले मुश्किल स्थिति से कैसे उबर गयी?

इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती।

हरियाणा में लगभग सवा नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ उपजी नाराजगी को भांप कर भाजपा नेतृत्व ने इस साल मार्च में उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। खट्टर को लोकसभा चुनाव लड़वा कर और केंद्रीय मंत्री पद सौंप कर दिल्ली की राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया गया लेकिन खट्टर का मन हरियाणा में लगा रहा। भाजपा नेतृत्व को जब यह लगा कि खट्टर का नाम नुकसान पहुँचा रहा है तो पूरे चुनाव प्रचार अभियान से खट्टर का नाम और उनकी तस्वीर गायब कर दी गयी। हमने पाया कि भाजपा की हर चुनावी रैली अथवा जनसभाओं के दौरान मंच पर या उसके आसपास लगने वाले पोस्टरों, बैनरों और होडिंगों में खट्टर का नाम और तस्वीर नहीं थी। यही नहीं हरियाणा सरकार की जिन उपलब्धियों के सहारे भाजपा ने चुनाव लड़ा उसमें भी खट्टर की तस्वीर नहीं लगायी गयी। भाजपा ने साधारण लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार सामग्री में किया। जैसे युवाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि बिना खर्ची पर्ची नौकरी दी गयी। किसानों की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि 24 फसलों का एमएसपी दे रही हरियाणा सरकार, महिलाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि तमाम योजनाओं का लाभ दे रही भाजपा सरकार। इसी प्रकार अन्य उपलब्धियों का बखान करते हुए भी प्रचार सामग्री तैयार करवायी गयी जिसमें आम लोगों की तस्वीरें प्रकाशित की गयी थी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती। खट्टर से व्यक्तिगत रूप से लोगों की नाराजगी भाजपा को चुनावों में उसी तरह नुकसान पहुँचा सकती थी जैसे कि राजस्थान विधानसभा के 2018 के चुनावों में देखने को मिला था जब नारे लग रहे थे कि मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं। हमसे बातचीत में भाजपा के भी कई समर्थकों और कार्यकताओं ने माना कि यदि खट्टर को हटाने का फैसला एक साल पहले लिया गया होता तो लोकसभा चुनावों में भी हम सारी सीटें जीत सकते थे।



इसके अलावा, 15 दिनों पहले जब हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार की कवरेज की शुरूआत की थी उस समय सब जगह कांग्रेस की हवा ही दिख रही थी लेकिन एक एक दिन बीतने के साथ यह हवा हमें धीमी पड़ती दिखी और अब जब चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है तो कहा जा सकता है कि हवा किसी एक के पक्ष में नहीं है बल्कि कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। हरियाणा चुनाव के दौरान मुझे दिल्ली नगर निगम का पिछला चुनाव इसलिए याद आ गया क्योंकि उसमें भाजपा का सूपड़ा साफ होने की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन जब परिणाम आये तो पार्टी नजदीकी मुकाबले में आम आदमी पार्टी से सिर्फ कुछ सीटों से पिछड़ गई थी। हरियाणा चुनावों में भी जमीनी स्थिति कुछ ऐसी ही दिखी। ऐसा लगता है कि भाजपा को जब इस बात का अहसास हुआ कि वह चुनाव में कांग्रेस से बहुत ज्यादा पीछे नहीं है तो उसने पिछले 10 दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार जनसभाएं कराई गयीं और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार में उतार दिया गया। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने 70 से ज्यादा रैलियां और जनसभाएं कीं। जवाब में भाजपा ने 150 सभाएं और रैलियां कर माहौल को पूरी तरह बदल दिया।

हरियाणा में कांग्रेस ने जमीन तक इस बात को पहुँचाने में सफलता हासिल कर ली थी कि 'कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही है'। भाजपा ने इस हवा की चाल को धीमा करने के लिए परिवारवाद को मुद्दा बनाया और भूपिंदर सिंह हुड्डा के पिछले शासन की याद दिलाई जिससे माहौल बदलने लगा। भाजपा ने जनता के बीच इस धारणा को मजबूत किया कि अगर कांग्रेस आई तो निश्चित रूप से हुड्डा को कमान सौंपी जाएगी। कांग्रेस नेतृत्व ने भी बार-बार हुड्डा को ही कमान सौंपने के संकेत दिये जिससे फायदा होने की बजाय नुकसान होता दिखा क्योंकि हुड्डा को अपने पिछले कार्यकाल में सिर्फ रोहतक का सीएम माना जाता था और उन पर अपने आलाकमान को खुश रखने के लिए प्रदेश के संसाधनों का दुरुपयोग करने के आरोप भी हैं। कई क्षेत्रों के लोगों का मानना है कि हुड्डा ने सिर्फ रोहतक में काम किया जिससे वहां की जमीनों के रेट ज्यादा हैं और उनके इलाके की जमीनों का रेट बहुत कम है।

इसके अलावा भाजपा ने जिस एकजुटता और रणनीति के साथ हरियाणा में काम किया उससे पार्टी मुकाबले में तेजी से वापसी करती दिखी। रैलियों, सभाओं और डोर टू डोर हुए प्रचार के बाद मिल रहे फीडबैक से भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा और इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी इसलिए 3 अक्टूबर शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थमने तक भाजपा के प्रदेश के बड़े नेता, दूसरे राज्यों के मंत्री और मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री जनता के बीच लगातार पहुंचकर भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने की अपील करते दिखे। भाजपा की रैलियों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले लगभग एक महीने में प्रमुख नेताओं की 150 से अधिक जनसभाएं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने रैलियों और रोड शो के माध्यम से अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस को अनेक मुद्दों पर सफलतापूर्वक घेरा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तो एक दिन में 4 से 5 बड़ी रैलियां कीं। भाजपा के लिए हरियाणा में सघन प्रचार करने वालों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि शामिल रहे। हरियाणा भर में कोई शहर या गांव ना छूटे इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रवासी नेताओं और कार्यकताओं की ड्यूटी भी लगायी गयी ताकि भाजपा की उपलब्धियों और पार्टी के संकल्प पत्र में किये गये वादों को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। इसके अलावा भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने विपक्षी नेताओं और उम्मीदवारों के प्रचार और उनके संबोधनों पर बारीकी से निगाह रखी। यदि किसी विपक्षी नेता ने कोई विवादित बयान दिया तो उसको सोशल मीडिया पर वायरल करवाया गया। बहरहाल, तमाम प्रयासों के जरिये भाजपा मनोहर लाल खट्टर के प्रति नाराजगी से उबर पाने में तो सफल हुई। देखना होगा कि यह सफलता मतों में परिवर्तित होती है या नहीं? लोकसभा चुनावों के बाद हो रहे हरियाणा चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि भाजपा अपनी सरकार बचा लेती है तो लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने से चूकी पार्टी का मनोबल बढ़ जायेगा और यदि कांग्रेस चुनाव जीतती है तो राहुल गांधी का कद और स्वीकार्यता राष्ट्रीय राजनीति में और बढ़ जायेगी।

-नीरज कुमार दुबे

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कृपाशंकर सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव व्यवस्थापन समिति में एक भी उत्तर भारतीय चेहरे को शामिल न करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने आज जारी की गई संचालन समिति में अनेक उत्तर भारतीयों का समावेश कर अपनी पिछली गलती को सुधारने का पूरा प्रयास किया है। विशेष संपर्क समिति में महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा लोकप्रिय उत्तर भारतीय नेता कृपाशंकर सिंह को मुंबई की जिम्मेदारी दी गई है। उनके अलावा विधायक राजहंस सिंह को विशेष संपर्क मुंबई की जिम्मेदारी दी गई है। विनोद मिश्रा को झोपड़पट्टी अभियान, मुंबई की जिम्मेदारी दी गई है। रघुनाथ पांडे को विज्ञापन विभाग, मुंबई तथा मल्हार पांडे को कॉल सेंटर, मुंबई की जिम्मेदारी दी गई है।

## नाव डूबने के बाद संकट में फंसे दहानू के साजन बारी को शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे ने बढ़ाया ढाढस



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पिछले कुछ दिन पहले धाकटी दहानु के साजन बारी अपनी नाव पर सवार होकर समुद्र में मछली पकड़ने गए थे, कि तभी अचानक नाव में पानी भर जाने की वजह से नाव पलट कर डूब गई। किस्मत अच्छी थी कि इस नाव पर सवार नाविकों की जान बच गयी। लेकिन इस पूरी घटना में साजन बारी की नाव डूब जाने की वजह से उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जब इस मामले की जानकारी शिवसेना (शिंदे गुट)जिला प्रमुख कुंदन संखे को मिली तो उन्होंने साजन बारी के घर जाकर सांत्वना देते हुए मदद का हांथ बढ़ाया और जरूरत पड़ने पर अपना भरपूर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर शिवसेना (शिंदे गुट)जिला प्रमुख कुंदन संखे के साथ जिला संघटिका वैदेही वाढाण, पालघर विधानसभा क्षेत्र प्रमुख रवि चौधरी, पालघर विधानसभा महिला संघटिका अंजली बारी, धाकटी दहानू ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र राबड, उप तहसील संघटिका योगिता वडे, पूर्व नगरसेवक मनोहर संखे, शहर सचिव नरेश पाटील, सुधीर गावड के अलावा शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लिटिल फ्लावर इंग्लिश हाई स्कूल के छात्रों ने शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में बाजी मारी



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** लिटिल फ्लावर इंग्लिश हाई स्कूल, घाटकोपर के अंडर 19 लड़के और लड़कियों की टीम ने दूसरा पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। जिला स्तरीय 2024-25 शूटिंग बॉल टूर्नामेंट कन्नमवार नगर संभाजी मैदान, विक्रोली में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया. अंडर 19 बालक एवं बालिका टीम का प्रवेश लिटिल फ्लावर इंग्लिश हाई स्कूल से हुआ। हाई स्कूल की प्रिंसिपल जेनेट डिसूजा के मार्गदर्शन में छात्र विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं और सफलता हासिल करते हैं। टीम के कोच अरुण कुमार गुप्ता ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया और निदेशक ने लिटिल फ्लावर इंग्लिश हाई स्कूल के छात्रों को इस वर्ष की जिला स्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार जीतने के लिए बधाई दी।

## हर जिलों में वृद्ध व दुग्धरहित गायों के लिए बने शेल्टर और पालकों को मिले आर्थिक मदद-राकेश शेट्टी,कांग्रेस



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा महाराष्ट्र में गाय को राज्यमाता घोषित करने के बाद नया मामला तूल पकड़ रहा है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश शंकर शेट्टी ने गत दिनों मुलुंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गाय को राज्यमाता घोषित करने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बधाई देते हुए जमीनीस्तर पर गोरक्षा के लिए महाराष्ट्र सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। शेट्टी ने राज्य के प्रत्येक जिले में वृद्ध गाय शेल्टर स्थापित करने और दुग्धरहित गायपालकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात कही है। शेट्टी ने मीडिया से कहा कि, कई गायपालक वृद्ध या दूध न देने वाली गायों को कसाइयों को बेच देते हैं। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अपमान है। इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रत्येक जिले में विशेष पशुधन अधिकारियों की नियुक्ति करना चाहिए और पशुपालकों से गाय खरीदकर उनकी देखभाल करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा हमारा मानना है कि, सरकार दुग्धरहित या वृद्ध गायपालकों को 15 हजार से .25हजार तक की आर्थिक सहायता प्रदान करे ताकि वे उनका पालन पोषण कर सके और नई गायें खरीद सकें। इस वित्तीय सहायता से पशुपालकों को आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा, और गायों की उचित देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी। यह योजना न केवल गायों की रक्षा करेगी बल्कि पशुपालकों के लिए भी लाभकारी साबित होगी। यदि सरकार ऐसा करती है तब गाय को महाराष्ट्र की राज्यमाता घोषित करने के उद्देश्य सफल होगा।

# महायुति के सभी दल हुए एकजुट, चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा



**चेतन निर्मल संवादाता**

**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** महायुति के सभी दल भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट, राष्ट्रवादी अजीत पवार गुट व मनसे के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं की आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक का आयोजन विधानसभा क्षेत्र 141 के अंतर्गत आने वाले कांबा गांव के रिवर वीड्स में शुक्रवार को शहर के विधायक कुमार आयलानी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

प्रदेश नेतृत्व के द्वारा राज्य के विकास के लिए लिए गए निर्णय व शहर के आमदार कुमार आयलानी द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास कार्य तथा सभी घटक दलों के सामंजस्य से सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में इस दौरान चर्चा हुई। उल्हासनगर के ग्रामीण भागों में आमदार कुमार आयलानी द्वारा विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं, चाहे वह सड़कों के कांक्रीटीकरण का कार्य हो, गांवों में पानी की व्यवस्था, गांवों का सौंदर्यीकरण जैसे तमाम काम किए गए हैं, आगे भी उनके द्वारा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे ऐसा इस दौरान बताया गया। सभी दल चुनाव को लेकर अब कमर कस लें और आने वाले विधानसभा चुनाव में जो भी प्रत्याशी मैदान में उतरे उसे प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएं और उसके लिए संपर्क अभियान शुरू करें ऐसी इस बैठक में चर्चा हुई। इस दौरान आमदार कुमार आयलानी , भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र राजानी, दत्ता भोईर, योगेश देशमुख, महेश देशमुख, डॉ. प्रकाश नाथानी, राम चार्ली पारवानी समेत बड़ी संख्या में महायुति के सभी दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर ठाकुर यशवंत सिंह ( सचिव - महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ) की ओर से कांदिवली पूर्व विधानसभा स्थित कल्पना हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने भाग लेकर शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच ( बीपी, मधुमेह, दंतचिकित्सा, नाक कान गला, ईसीजी, आथोर्पेडिक, फिजियोथेरेपी, मोतियाबिंद) के साथ-साथ लोगों को मुफ्त चश्मे भी वितरित किये गये। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल आयोजन के लिए काँग्रेस व महाविकास आघाडी के सभी पदाधिकारियों के प्रति ठाकूर यशवंत सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे का मनाया गया जन्मदिन



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के मीरा भायंदर जिलाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे का आज लिटिल जीनियस इंटरनेशनल स्कूल मीरा रोड पूर्व में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता, जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, शक्ति सेवा संघ के संस्थापक डॉक्टर हृदय नारायण मिश्रा, उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे, नगरसेवक अनिल बिरानी, नगरसेवक दिनेश जैन, वीरेंद्र द्विवेदी, भाजपा जिला सचिव रमेश चंद्र मिश्र, ताड़केश्वर पांडे, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, उत्तर शक्ति के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति, समाजसेवी आरडी तिवारी, शक्ति सेवा संघ के प्रबंधक हृदय नारायन मिश्रा , सेठ डी एम स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य अमर यादव, डिवाइन हिम के प्रधानाचार्य महेश सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य प्रदीप त्रिपाठी, रिक्शा यूनियन अध्यक्ष संजय मिश्रा आदि का समावेश रहा। अंत में कार्यक्रम के आयोजक स्कूल के प्रबंधक राजेश मिश्रा ने समस्त लोगों के प्रति आभार पूर्वक धन्यवाद प्रकट किया।

# मातोश्री गुंजई फाउंडेशन ने स्पर्धा परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया

## शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड द्वारा आयोजन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पिछले साल आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कल्याण पूर्व के छात्रों को मातोश्री गुंजई फाउंडेशन और शिवसेना (शिंदे गुट) के माध्यम से सम्मानित किया गया। हर साल, विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों में कर्मचारियों की भर्ती के लिए उच्च रैंकिंग वाली सरकारी सेवाओं की भर्ती के लिए एमपीएससी केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से आयोजित की जाती है। पिछले साल आयोजित इस परीक्षा में कल्याण पूर्व से शामिल होने वाले छात्रों को मातोश्री गुंजई फाउंडेशन के माध्यम से हर संभव मदद दी गई थी। इस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को शिवसेना जनसंपर्क कार्यालय में शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें संजना नलावड़े, स्नेहल धनावड़े, सुजाता घोडसरे, ठाणे पुलिस शाखा की दीप्ति नलावड़े, मुंबई महानगर पालिका की स्वीटी पवार, अश्विनी गायकवाड़, ठाणे जिला परिषद, वित्त एवं सांख्यिकी योजना विभाग के प्रसाद नलावडे, रेलवे विभाग के वैभव घाडीगांवकर, राज्य में दूसरे स्थान पर रहे पुलिस उप निरीक्षक बालासाहेब दराडे, कृष्णा गीते, अक्षय उगले, पुलिस उप निरीक्षक जयवंत खरात का समावेश है। प्रशिक्षक हर्षल जाधव और अमोल आव्हाड ने इन सफल विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया था। इस अवसर पर मातोश्री गुंजाई फाऊंडेशन के अध्यक्ष शिवदास गायकवाड, शाखा प्रमुख प्रशांत अमीन, विवेक त्रिवेदी, वैद्यकीय मदत कक्ष शहर प्रमुख चंद्रसेन सोनवले, मनोज बेलमकर, उपशहर प्रमुख प्रशांत बोटे, निलेश रसाल, हर्षल जाधव, आदी मान्यवर उपस्थित थे।

## मराठी भाषा को विशिष्ट दर्जा प्राप्त होने पर शिवसेना शिंदे गुट द्वारा मनाया गया जश्न



**पालघर (उत्तरशक्ति)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मराठी भाषा को विशिष्ट दर्जा देने के फैसले की घोषणा की है।

महाराष्ट्र की ओर से पिछले कई वर्षों से की जा रही मांग पूरी होने से पूर महाराष्ट्र जश्न मना रहा है इस मौके पर पालघर में शिवसेना शिंदे गुट की ओर से पालघर शहर अंतर्गत स्थित हुतात्मा स्तंभ चौक पर शिवसेना जिला प्रमुख कुन्दन संखे के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिक द्वारा एकत्रित होकर जश्न मनाया गया।

मेरी बोली..मराठी बोली। मेरी भाषा..मराठी भाषा। ऐसी घोषणा करते हुए पटाखे फोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख कुन्दन संखे, जिला संघटिका वैदेही वाढाण, पूर्व उप नगराध्यक्ष उत्तम घरत, तहसील प्रमुख संजय चौधरी, पालघर शहर प्रमुख राहुल घरत, युवासेना जिला अध्यक्ष कुणाल पाटील, पालघर विधानसभा आदिवासी संघटक शंकर नारले, पालघर विधानसभा महिला संघटिका अंजली बारी, शहर संघटिका सविता मल्ला सहित बड़ी संख्या में शिवसेना, महिला सेना, युवासेना के पदाधिकारी एवं शिवसैनिक उपस्थित थे।

# विधायक भोईर द्वारा लाडली बहीण योजना के लाभार्थी महिलाओं का सम्मेलन

## हमारी सरकार बनी तो बहनों को डबल पैसा मिलेगा



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** शुक्रवार को कल्याण पश्चिम विधानसभा में लाडली बहन योजना के लाभार्थी महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के उपरांत मीडिया से बातचीत के दौरान कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि लाड़ली बहन योजना को निरंतर जारी रखना हो तो आगामी विधानसभा चुनाव में महायुति को मतदान करें।

भोईर ने यह भी कहा कि हमारी सरकार बनने पर दर माह महिलाओं को मिलने वाली 1500 रुपये की रकम को बढ़ाकर 3 हजार रुपये किया जाएगा। बतादें कि मुख्यमंत्री ने अपने विधायकों को निर्देश दिया है कि वे लाड़ली बहन योजना के लाभार्थियों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क करें।

इसी के तहत ऊंबर्डे की सेंट लॉरेंस स्कूल में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमें विधायक विश्वनाथ भोईर, शिवसेना की महिला उपनेता विजया पोटे, शहर प्रमुख रवि पाटील, महिला आघाडी की छाया वाघमारे, उपशहर प्रमुख विजय देशेकर, अंकुश जोगदंड, पूर्व नगरसेवक मोहन उगले, वैशाली भोईर, नेत्रा उगले के अलावा भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## पाइप लाइन विद्या प्रसारक मंडल के स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** पाइपलाइन विभागीय विद्या प्रसारक मंडल के स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर सेकेंडरी स्कूल एवं जूनियर कॉलेज टेमघर में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन उद्घाटन किया गया । समारोह का उद्घाटन भिवंडी के पूर्व जिलाध्यक्ष व भिवंडी पूर्व विधानसभा चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी के हाथों किया गया । कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन समारोह संतोष शेट्टी के सहयोग एवं पहल से संभव हो सका । उनके सहयोग से स्कूल के विद्यार्थियों को इस कंप्यूटर कक्ष से शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव आयेगा । इस अवसर पर वरिष्ठ नगरसेवक मदन बुआ नाइक , पूर्व नगरसेवक बालाराम चौधरी , पूर्व शिक्षण मंडल अध्यक्ष सुंदर नाइक , भाजपा भिवंडी जिलाध्यक्ष एडवोकेट हर्षल पाटिल , भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित पाटिल , श्रीनाथ पाटिल , हेमंत गुलवी , सचिन तरे , मोहन कोंडा , मोहन बल्लेवार , मारुति देशमुख , विनोद नाइक , निकित जोशी , योगेश तरे , विपुल पाटिल , अनंत जोशी , श्रीधर बुबेरा , सचिन बोद्दे आदि लोग उपस्थित थे । बतादें कि छात्रों को कंप्यूटर की कमी के कारण अपने पाठ्यक्रम में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था । इस विकट समस्या के समाधान के लिए संतोष शेट्टी ने पहल की और एक कंप्यूटर कक्ष उपलब्ध कराई जिसके लिए छात्रों ने नए कंप्यूटर कक्ष के लिए आभार व्यक्त किया । इस कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावकों और स्कूल के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे ।

## औषध निर्माण अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता व अभियांत्रिकी सहायक पद के लिए नियुक्ति आदेश पत्र का हुआ वितरण

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिला परिषद पालघर कार्यालय में शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024 को औषधि निर्माण अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, सिविल इंजीनियरिंग सहायक निर्माण विभाग और कनिष्ठ अभियंता सिविल निर्माण और ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के सीधी सेवा के माध्यम से घोषित अंतिम चयन सूची में पात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश पत्र सौंपा गया। उक्त नियुक्ति आदेश पत्र मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, निर्माण एवं स्वास्थ्य समिति सभापति संदेश ढोणे, कृषि एवं पशुपालन समिति सभापति संदीप पावड़े, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, कार्यकारी अभियंता निर्माण विभाग जागृति संखे, कार्यकारी अभियंता जलप्रदाय राजेश पाध्ये की विशेष उपस्थिति में वितरित किये गये। इस मौके पर सभापति संदेश ढोणे ने बोलते हुए कहा कि पालघर जिले की स्थापना के बाद से पालघर जिला परिषद में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने का यह एक अच्छा प्रयास है और अब तक की यह सबसे बड़ी भर्ती है। स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले कर्मचारी नौकरी नहीं बल्कि समाजसेवा कर रहे हैं। इस दौरान संदेश ढोणे ने नये उम्मीदवारों से अपील करते हुए कहा कि इस जिले के आदिवासियों, दलित, पीड़ित और बहुजन समाज की सेवा हम सभी को करनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे ने कार्यक्रम का प्रास्ताविक प्रस्तुत किया और नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर औषधि निर्माण अधिकारी के पद के लिए 25 आदेश, स्थापत्य अभियांत्रिकी सहायक निर्माण विभाग के लिए 35 आदेश, कनिष्ठ अभियंता निर्माण विभाग के पद के लिए 5 और ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के लिए 15 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा नवनियुक्त अभ्यर्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस24 एफई किया लॉन्च

**मुंबई/पटना।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी एस24 एफई लॉन्च किया है। यह गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का नया प्रोडक्ट है, जो ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को शानदार मोबाइल अनुभव देता है।

गैलेक्सी एस24 एफई में एआई-बेस्ड प्रोविजुअल इंजन और फोटो असिस्ट फीचर के साथ एडवांस्ड कैमरा सेटअप दिया गया है, जिससे यूजर्स अधिक क्रिएटिव बन सकते हैं। इसमें 6.7-इंच का डायनैमिक एमोलेड 2 एक्स डिस्प्ले, 4,700 एमएच बैटरी और पावरफुल एक्सिनॉस 2400 सीरीज चिपसेट है, जो चलते-फिरते गेमिंग का बेहतरीन अनुभव देता है। यह डिवाइस कम्युनिकेशन, उत्पादकता और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी एआई टूल्स और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी के साथ आता है। साथ ही, इसका आइकॉनिक डिजाइन और मजबूत सैमसंग नॉक्स सिक्योरिटी इसे पूरी तरह से सुरक्षित बनाते हैं। गैलेक्सी एस24 एफई का प्रीमियम कैमरा सेटअप में 50 एमपी वाइड लेंस (3 एक्स ऑप्टिकल जूम) और 8एमपी टेलीफोटो लेंस शामिल हैं, जो ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन सपोर्ट करते हैं। साथ ही इसमें 12 एमपी अल्ट्रा-वाइड लेंस और 10एमपी का सेल्फी कैमरा भी है।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने 'एक्सिस निफ्टी 500 वैल्यू 50 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया

**मुंबई/पटना।** एक्सिस म्यूचुअल फंड, भारत में सबसे तेजी से बढ़ते और प्रमुख फंड हाउस में से एक, अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस निफ्टी 500 वैल्यू 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुश है।

इस ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड का लक्ष्य निफ्टी 500 वैल्यू 50 टोटल रिटर्न इंडेक्स के प्रदर्शन को दोहराना है। नया फंड ऑफर 04 अक्टूबर, 2024 को खुलेगा और 18 अक्टूबर, 2024 को बंद होगा। इस फंड का प्रबंधन श्री कार्तिक कुमार और श्री हितेश दास द्वारा किया जाएगा।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालयः

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com

कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# समाजसेविका ने वृद्ध जनों के बीच पहुंच वृद्धा आश्रम में मनाया अपना जन्म दिवस



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जौनपुर की शीतला चौकिया धाम की अग्रणी संस्था शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट की मेंबर डॉक्टर कृतिका त्रिपाठी ने आज अपना जन्म दिन बड़े ही सादगी के साथ सैयद अलीपुर मोहल्ले में पहुंचकर वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के बीच मनाया उन्होंने वहां पर रह रहे। वृद्ध लोगों को सेवा भाव में उपहार स्वरूप फल मिठाई व वस्त्र भी भेंट किया। इस मौके पर डॉक्टर कृतिका त्रिपाठी ने कहा कि साल भर में एक दिन यह भी आता है जिस दिन हम सबको एक अलग खुशी रहती है। इस खुशी को ऐसे लोगों के बीच में बांटना चाहिए जो आम समाज से कटे हुए लोग हैं ताकि हम अपनी खुशी में उनकी खुशी भी देख सके। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य ट्रस्टी विद्याधर मिश्र मुन्नू उपस्थित रहे।

# दृष्टि बाधित की तत्काल हुई सुनवाई



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जनपद के ग्राम सहोपट्टी तहसील मडियाहूँ के निवासी सोनू पटेल पुत्र रमेश चन्द्र जो कि शत-प्रतिशत दृष्टि बाधित हैं। उनके द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र के माध्यम से मूल-भूत सुविधाओं हेतु आग्रह किया गया। जिसके क्रम में तत्काल जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी के माध्यम से उन्हें इलेक्ट्रॉनिक छड़ी उपलब्ध करायी गयी साथ ही पेंशन, आवास तथा आयुष्मान कार्ड हेतु उनका पंजीकरण कराते हुए सम्बंधित अधिकारी को यथाशीघ्र उनका आवेदन स्वीकृत कराते हुए उन्हें लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला उपस्थित रही।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**-निशानाथ**

**खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर उतारने वाले और जन-जन को स्वछता के लिए जागरूक करने वाले कर्मचारियों को जिला मुख्यालय पर डीपीआरओ ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के खण्ड समान्यवक विजयी कुमार व पंचायत सचिव सहित ग्राम प्रधान को सम्मानित किया किया गया ! उक्त विकासखण्ड के सबरहद गाँव के प्रधान मुकेश राजभर, पंचायत सचिव विपिन कुमार ब खण्ड समान्यवक विजय कुमार को डीपीआरओ जौनपुर नत्थूलाल गंगवार ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एसबीएम-जी मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले को जिला मुख्यालय पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। जिले पर सम्मानित हुए लोगों ने बताया इस तरह का सम्मान कार्य के प्रति रुचि पैदा करता है तथा लगन के साथ कार्य करने के लिए उत्साह बढ़ता है।

# जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन, गांव की समस्याओं का गांव में समाधान



**खेतासराय, जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** शाहगंज विकास खण्ड के जमदहा और एतमादपुर ग्राम पंचायतों में जनचौपाल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जमदहा ग्राम पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव द्वारा की गई। जबकि सोंगर में ग्राम प्रधान चांदनी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव की समस्याओं का समाधान गांव में ही करना है। इस संदर्भ में एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने कहा। जन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करना है। इसके लिए जरूरी है कि आमजन की भागीदारी बढ़ाई जाए ।ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी समस्याओं और विचारों को साझा कर सकें। इस अवसर पर सचिव संजय यादव और भोले यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, और कन्या सुमंगला योजना जैसी लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। जनचौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीण जनता के बीच एक सशक्त संवाद स्थापित हुआ। जिससे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान संभव हो सके। चौपाल में प्रधान मोहम्मद इसराइल, सचिव राकेश सिंह, तकनीकी सहायक शशिकांत,ग्राम रोजगार सेवक पंकज शर्मा, पंचायत सहायक रूपचंद, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया ने 9वां प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया

**पटना(उत्तरशक्ति)।** सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया ने गोंडा में अपने नवीनतम आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन की घोषणा की जो भारत के निर्माण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए उसकी लॉन्?ग टर्म प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह केंद्र देश में जिप्रोक का 9वां प्रशिक्षण केंद्र है। इस पहल का उद्देश्य ड्राईवॉल और फाल्स-सीलिंग ट्रेडों में मुफ़्त, उद्योग-संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को अपने कौशल को बढ़ाने और अपने रोजगार की संभावनाओं को बेहतर बनाने का अवसर मिले। सेंट-गोबेन इंडिया - जिप्रोक बिजनेस के मैनेजिंगग डायरेक्?टर सुदीप कोल्टे ने इस पहल पर अपनी बात रखी और कहा कि प्रथम फाउंडेशन के साथ हमारी साझेदारी पूरे भारत में कौशल विकास को आगे बढ़ाने के हमारे मिशन पर केंद्रित रही है। गोंडा प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के साथ, हम निर्माण उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल के साथ लोगों को सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। उन्हें विशेष ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता से लैस करके, हम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने में मदद कर रहे हैं जो भारत के बुनियादी ढांचे के सतत विकास का समर्थन करेगा। आने वाले वर्षों में, सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया कौशल विकास के माध्यम से स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के अपने दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध है।

# ओला बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है : भाविश अग्रवाल

**मुजफ्फरपुर(उत्तरशक्ति)।** इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ ओला बॉस शुरू करने के लिए हम उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। ओला बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। उक्त बातें ओला इलेक्ट्रिक चेयरमैन एवं एमडी भाविश अग्रवाल ने अपने ओला सीजन सेल के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 37,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस प्लस अपग्रेड, एक्सेसरीज पर एक्सक्लुसिव डील और केयर प्लस के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं।

# दूसरे ई-रिक्शा का बार कोड चोरी कर अपने पर लगा, ट्रैफिक पुलिस ने तीन चालकों को पकड़ा



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** वाराणसी -काशी जोन में ई-रिक्शा के लिए जारी किए गए कलर बार कोड वाले स्टीकर चोरी होने लगे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने काशी जोन में चेकिंग के दौरान तीन ऐसे मामले पकड़ कर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों की पुलिस को सौंपे हैं। तीनों ई-रिक्शा को सीज कर दिया गया है। काशी जोन के 11 थाना क्षेत्रों में चलने वाले 6070 ई-रिक्शा को 10 सितंबर से एक अक्तूबर तक स्टीकर ट्रैफिक पुलिस लाइन से निशुल्क दिए गए थे। चौकाघाट फ्लाईओवर के पिलर संख्या-74 के सामने सेवापुरी निवासी रवि कुमार राजभर के ई-रिक्शा पर लगा कलर कोड ट्रैफिक पुलिस को संदिग्ध मिला। रवि ने पूछताछ में बताया कि एक ई-रिक्शा से स्टीकर चुराकर उसे मनोज नामक व्यक्ति ने 3000 रुपये में बेचा था। ट्रैफिक पुलिस ने सिगरा थाने की पुलिस को सूचना दी। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस को औरंगाबाद निवासी हजरत जंगमबाड़ी में मिला। हजरत ने पूछताछ में बताया कि उसने दूसरे के ई-रिक्शा का स्टीकर चुराकर लगा रखा है। इसी तरह दशाश्वमेध क्षेत्र में भी एक ई-रिक्शे पर लगा स्टीकर संदिग्ध मिला तो दशाश्वमेध थाने को सूचना दी गई। एडीसीपी ट्रैफिक बोले- सजग रहें एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि काशी जोन के सभी ई-रिक्शा संचालक स्टीकर को लेकर सजग रहें। किसी का स्टीकर चोरी हो तो तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। उधर, उपनिरीक्षक देवानंद बरनवाल ने कमिश्नरेट वाराणसी में यातायात पुलिस ने बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताया। ई-रिक्शा चालकों को रात में लो-बीम लाइट को लेकर जागरूक किया। आज से इलेक्ट्रिक ऑटो को मिलेंगे स्टीकर : काशी जोन में चलने वाले इलेक्ट्रिक ऑटो को भी स्टीकर लगाना होगा। एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार से तीन दिन तक कलर बार कोड वाले स्टीकर ट्रैफिक पुलिस लाइन में दिए जाएंगे। सात सितंबर से इनकी भी चेकिंग की जाएगी। एआरटीओ ने दी यातायात नियमों की जानकारी प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2 से 16 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। दूसरे दिन एआरटीओ (प्रवर्तन) श्यामलाल ने टीम के साथ शहर में बस, ऑटो, ई-रिक्शा, ट्रक और अन्य वाहन चालकों को जागरूक किया। बताया कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही वाहनों के रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया। ताकि रात्रि में होने वाली घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# गन्ना किसानों की मांग पर गन्ना समिति सदस्यता एवं उपज बढ़ोत्तरी हेतु बढ़ायी गयी तिथि

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जिला गन्ना अधिकारी महेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि प्रदेश के आयुक्त,गन्ना एवं चीनी श्री प्रभु एन. सिंह द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय अधिकारियों एवं गन्ना किसानों की मांग के दृष्टिगत पेराई सत्र 2024-25 के लिए समिति सदस्यता 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है।जो कृषक अभी तक समिति सदस्य नहीं बन पाये हैं।उन्हें वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना आपूर्ति का लाभ लेने हेतु 15 दिन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है।पूर्व में पेराई सत्र 2024-25 हेतु जारी सट्टा नीति में गन्ना समिति सदस्यता एवं उपज बढ़ोत्तरी हेतु अन्तिम तिथि 30 सितम्बर, 2024 तक ही निर्धारित थी। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ना आयुक्त,उ0प्र0 द्वारा अपील किया गया है कि ऐसे कृषक जिन्होंने पहली बार गन्ने की खेती की है।समिति सदस्य बनकर गन्ना आपूर्ति का लाभ उठायें तथा राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य दर पर गन्ना आपूर्ति कर लाभ प्राप्त करें। गन्ना किसानों के अधिक से अधिक समिति के नये सदस्य बनने से गन्ने की उपलब्धता भी बढ़ेगी। जिन किसानों के पास गन्ने की उपज जिले के औसत उपज से अधिक है। वे कृषक उपज बढ़ोत्तरी हेतु अपना आवेदन 15 अक्टूबर, 2024 तक जमा कर सकेंगे तथा उन्हीं गन्ना कृषकों को उपज बढ़ोत्तरी की व्यवस्था का लाभ प्रदान किया जायेगा।

# वाराणसी में पुलिस की छापेमारी में पकड़ी गई अवैध पटाखों की बड़ी खेप

## दो करोड़ रुपये से अधिक की बताई गई कीमत, गोदाम सील



-डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। हाल ही में बरेली में हुए पटाखा फैक्ट्री हादसे के बाद पटाखों को लेकर पुलिस अलर्ट हो चुकी है ।बड़ागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 35,314 किलोग्राम अवैध पटाखों को जब्त किया। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये है। पुलिस ने त्योहारों के दौरान किसी भी संभावित हादसे को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस ने यह कड़ा कदम उठाया है ।बरेली हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता बरेली में हुए पटाखा विस्फोट के बाद प्रदेश भर में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। इसी क्रम में गोमती जोन के पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त पिंडरा के नेतृत्व में बड़ागांव थाने की पुलिस टीम ने ग्राम सराय मुगल रमईपट्टी स्थित हिंदुस्तान फायरवर्क्स गोदाम पर छापेमारी की। इस दौरान 35,314 किलोग्राम पटाखे अवैध रूप से स्टोर पाए गए। जबकि गोदाम को अधिकतम 15,000 किलोग्राम पटाखों के भंडारण की अनुमति थी। पुलिस ने पाया नियमों का उल्लंघन गोदाम में कई सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया। इनमें भंडारण सीमा का उल्लंघन,नाबालिगों की मौजूदगी, पटाखों पर उचित चेतावनी लेबल की कमी,और आग बुझाने के उपकरणों का अभाव शामिल था। इसके साथ ही ।गोदाम में गलत तरीके से विद्युत कनेक्शन भी पाया गया ।जिससे आग लगने का खतरा था। पुलिस ने गोदाम को सील कर दिया है और 35,314 किलोग्राम अवैध पटाखों को जब्त कर लिया गया है। केयरटेकर रामबिलास यादव के खिलाफ मु0अ0सं0 400/2024 धारा 287 बीएनएस और 9B विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही ।लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश भी की जा रही है। अन्य पटाखा गोदाम संचालकों को भी सचेत किया गया है कि उनके गोदामों का भी निरीक्षण जल्द किया जाएगा।

# दुर्गा पूजा को लेकर डीएम व एसपी ने की आवश्यक बैठक



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जिलाधिकारी ने तहसीलवार, सभी उप जिलाधिकारी से दुर्गा पूजा के सम्बन्ध में कृत कार्रवाई के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली और उन्हें निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा समितियों, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ बैठक कर दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद स्तर,तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने के निर्देश दिए और कंट्रोल रूम नंबर को प्रचारित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर भी जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यिटी लगाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इमरजेंसी सेवा एवं फायर की गाड़ियां सक्रिय मोड पर रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बडे. पंडालों के समीप प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने निर्देशित किया कि सड़के खोद कर पंडाल न बनाए जाए। पंडाल की वजह से यातायात व्यवस्था में समस्या उत्पन्न न हो। पंडाल और प्रतिमा की ऊंचाई का ध्यान रखा जाए, जिससे कि विसर्जन करने में समस्या उत्पन्न न हो। कहीं भी अश्लील नित्य अशोभनीय कार्यक्रम आयोजित न किया जाए। डी0जे0 निर्धारित सीमा तक ही बजाए जाएंगे। इसके साथ ही समितियां पंडाल के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे।

इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, उपजिलाधिकारीगण और अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# प्रवास कार्यक्रम बनाकर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करे : पुष्पराज सिंह



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के सभी जिला पदाधिकारियो एव मोर्चा के जिलाध्यक्षों एव मंडल के अध्यक्ष से आज तक हुई सदस्यता की वृत ली और आगे की सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। क्योंकि यह कार्यबल विकास में पहला कदम है ।लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए पूर्व योजनाओं और पूर्ण योजना के साथ कार्यकर्ता जुट जाए इसके साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि वे मंडल और बूथ स्तर पर प्रवास कार्यक्रम बनाए और वहां स्थानीय कार्यकताओं के साथ मिलकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी विचार आधारित पार्टी है। यहां कार्यकर्ता अपने कार्य के बल पर महत्वपूर्ण है ।सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण की दिशा में पहला कदम है ।इसलिए इस पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है उन्होंने अभियान की सफलता के लिए तीन सुत्रीय मंत्र देते हुए कहा कि प्रतिदिन सदस्य बनाए ।मंडल के हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाए और सदस्यता अभियान में व्यक्तिगत रेफरल की संख्या बढाई जाए। विपक्ष देश में बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की घोषणा कर रहा हैं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर उनकी सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है ।कश्मीर में फिर से पुरानी व्यवस्था बहाल करने की घोषणा करने वाली राजनीतिक पार्टी के नेता देश का भला कभी नहीं कर सकते है ऐसे में हमें बीजेपी के विचार को जनता तक पहुंचाने के लिए सदस्यता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे कमजोर मन से नहीं बल्कि मजबूत मन के साथ संगठन के कार्य में जुटे। क्योंकि बीजेपी की ताकत उसके कार्यकर्ता है। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्र ने की। उक्त अवसर पर पीयूष गुप्ता सुनील तिवारी अमित श्रीवास्तव संतोष सिंह संदीप सरोज धनंजय सिंह सुधाकर उपाध्याय राजू दादा धीरू सिंह आमोद सिंह रोहन सिंह पुष्पा शुक्ला जीतेन्द्र सिंह बेचन सिंह अनिल गुप्ता नरेन्द्र उपाध्याय अजय सरोज दिव्यांशु सिंह सुशांत चौबे अवनीश यादव घनश्याम यादव मंडल प्रभारी गण मंडल अध्यक्ष गण एव सदस्यता प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन हेतु बना पोर्टल

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया कि निदेशक मत्स्य उ0प्र0, लखनऊ के निदेर्शानुसार मत्स्य पालन एवं मत्स्य विपणन को बढ़ावा देने हेतु मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन किये जाने के लिए विभागीय पोर्टल का निर्माण किया गया है ।जिसके अन्तर्गत पोर्टल पर दिये गये दिशा निदेर्शों के आधार पर मत्स्य जीवी सहकारी समितियों का गठन किया जाना है। समिति गठन हेतु खुली बैठक का आयोजन किया जायेगा ।सदस्यों की संख्या कम से कम 27 होगी जिसमे 03 अनुसूचित जाति एवं 06 महिला अनिवार्य एक व्यक्ति एक ही समिति का सदस्य होगा ।सभी सदस्यों के पास अपना आधार व मोबाईल नं0 अनिवार्य है। सदस्यों अंश पूंजी प्रति सदस्य 100 रुपया तथा प्रवेश शुल्क 10 प्रति शुल्क, निबन्धन द्वारा जारी दिशा निर्देश उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम 1965 नियमावली 1968 के प्राविधानानुसार लागू होगी।

आवेदक को आवेदन तिथि से 30 दिन के अन्दर समस्त अभिलेख पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन हेतु मत्स्य विभाग की विभागीय वेबसाइट http// fisheries.up.gov.i»»f पर किया जा सकता है।

# मोबाइल टॉवर पर लगने वाली मशीनों की चोरी करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 40 लाख रुपए मूल्य की मशीनें बरामद

**वसई।** मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत स्थित अपराध शाखा क्रमांक 3 विरार पुलिस ने मोबाइल टावरों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी के लिए लगने वाली मशीनों की चोरी करने वाले एक गिरोह के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 40 लाख रुपए मूल्य की 36 मशीने बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा मोबाइल फोन को भी जप्त किया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस की विज्ञप्ति के अनुसार 14 सितंबर को नालासोपारा पूर्व के मदर मैरी स्कूल के सामने स्थित एवेन्यू अपार्टमेंट की छत पर लगे मोबाइल टावर से 5 ऋके लिए लगने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी की मशीन चोरी हो गई थी। मिली शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तथा सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम शुभम विनय कुमार यादव, शैलेश राम अभिलाष यादव, कपूरचंद सुरेश गुप्ता, बंसीलाल केवलचंद जैन, जाकिर सलीम मलिक , जुनैद आरिफ मलिक तथा जैद अनवर मलिक है। पुलिस को मिली यह कामयाबी पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, अपर पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे तथा सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल के मार्गदर्शन और पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक सोपान पाटील, पुलिस उपनिरीक्षक उमेश भागवत, अशोक पाटिल,मनोज चव्हाण, सचिन घेरे, मुकेश तटकरे तथा अन्य पुलिस कर्मियों की सक्रियता से मिली।

# सचिव-सफाईकर्मी विवाद का हुआ पटाक्षेप, आपसी सौहार्द के साथ सुलझा मामला



**खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** शाहगंज विकास खंड में विगत दिनों हुए बहुचर्चित सचिव मीना रानी और सफाई कर्मी बालकृष्ण यादव के बीच के विवाद का आज पटाक्षेप हो गया। प्रादेशिक विकास सेवा संगठन के जनपद जौनपुर के अध्यक्ष और खंड विकास अधिकारी गौरवेंद्र सिंह के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई गई। जिसके बाद मामला शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। यह घटना 26 सितंबर को शाहगंज विकास खंड परिसर में घटित हुई थी। जब किसी मुद्दे पर सचिव और सफाईकर्मी के बीच तीखी बहस हो गई थी। इस विवाद को सुलझाने के लिए कई महत्वपूर्ण हस्तियों ने भूमिका निभाई। 3 अक्टूबर को खुटहन ब्लॉक पर खंड विकास अधिकारी गौरवेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. फूलचंद कनोजिया, मंत्री रामकृष्ण पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री देवेश कुमार यादव, सफाईकर्मी संघ के अमर बहादुर यादव और तेज बहादुर ने विवाद को निपटाने में अहम योगदान दिया। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाया गया। जिसके पश्चात मीना रानी और बालकृष्ण यादव ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर आपसी सद्भाव का प्रदर्शन किया और विवाद को हमेशा के लिए समाप्त करने का संकल्प लिया। इस घटना के बाद, कर्मचारियों के बीच आपसी तालमेल और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई है। बैठक को संबोधित करते हुए गौरवेंद्र सिंह ने कहा कि की सभी कर्मचारी मर्यादित आचरण और कर्मचारी आचरण संहिता का पालन करते हुए अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री विजय भान यादव, सचिव विपिन यादव, नरेंद्र गौतम, सफाईकर्मी संघ के संजय सिंह, स्वतंत्र सिंह, दिनेश यादव, अरुण यादव, छोटेलाल यादव, रामलवट यादव, नवीन कुमार, अजय पाल, कौशल यादव, वीरेंद्र मौर्य, अर्जुन राम बिंद, मदनलाल,, विकास विक्रम, रामसुरेश आदि उपस्थित रहे।

# दुनिया के तमाम मजलूमों का सहारा थे शहीद आगा सैय्यद हसन नसरूल्ला मौलाना महफुजल हसन खां

**-रियाजुलहक खान**

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** आज शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर में बाद नमाजे जुमा इमामे जुमा शहर जौनपुर हुज्जत उल इस्लाम मौलाना महफुजल हसन खां की सदारत में शहीदे राहे हक आयतुल्ला सैय्यद हसन नसरूल्ला ताबासरा को खेराजे तहसीन पेश करने के लिए ताज़ियती जलसा व मजलिसे तरहीम का एहतेमाम किया गया। प्रोग्राम की शूरुआत मौलाना शहजाद खां ने तेलावते कलामे पाक से किया मजलिस को खैताब करते हुए ।इमामे जुमा शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर हुज्जत उल इस्लाम मौलाना महफुजल हसन खां ने कहा । कि शहीदे राहे हक आयतुल्ला आगा सैय्यद हसन नसरूल्ला दुनिया के तमाम मजलूमों का सहारा थे ।उन्होंने इन्सानियत को बुलन्दी अता की। हिजबुल्ला आगेर्नाइजेशन ने मजलूमों की मदद करने में कभी भी मजहब या मसलक को बुनियाद नहीं बनाया ।हमारे मुल्क हिन्दोस्तान की नर्सों को इराक में जब दायश वालों की तरफ से अपहरण बनाया गया। तब शहीद कासिम सुलेमानी और शहीद सैय्यद हसन नसरूल्ला ने आजाद करके हिन्दोस्तान भेजा। फिलीस्तीनियों की मदद हिजबुल्ला हमेशा करता रहा है ।जबकि सारे फिलीस्तीनी सुन्नी और अहले हदीस हैं । हिजबुल्ला आगेर्नाइजेशन का मुख्य एजेंडा दुनिया के तमाम मजलूम इन्सानों की मदद करना है। मजलूमों की हर हाल में मदद करना ही शिया मुसलमानों की पहचान है। उन्होंने हिन्दोस्तान के मीडिया के उस तबके की मजम्मत( निन्दा)की, जो कि आयतुल्ला सैय्यद हसन नसरूल्ला को



आतंकवादी होने का दिन रात राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि हुज्जत उल इस्लाम मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी साहब की हम सबको इस मसले पर तारिफ करना चाहिए ।कि उन्होंने मीडिया का असली चेहरा दुनिया के सामने पेश कर दिया।अमेरिका और इसरायल के एजेंट के रूप में देश के मीडिया के इस गिरोह का असली चेहरा दिखाकर । मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद साहस ने शिया मुसलमानो का दुनिया के सामने फख (गौरव) से सिर ऊंचा कर दिया। यह जज्बा उन्हें कर्बला के शहीदों से हासिल हुआ ।तमाम दुनिया के शिया मुसलमानो का एक एक बच्चा दुनिया के मजलूमों के साथ हमेशा खड़ा रहता है इसलिए मजलूम फिलीस्तीनियों के साथ शिया मुसलमान हैं। यह प्रेरणा हमारी मिल्लत को कर्बला वालों से हासिल होती है मौलाना सैय्यद आबिद रजा रिजवी मोहम्मदाबादी, मौलाना आबिद आगा खां नजफी ने भी शहीदे कुदस आयतुल्ला सैय्यद हसन नसरूल्ला को खेराजे तहसीन पेश किया ।इस प्रोग्राम की निजामत (संचालन) सैय्यद असलम नक़्वी ने किया। मजालिस में हुज्जत उल इस्लाम मौलाना उरुज हैदर खां, मौलाना सैय्यद नजफ अली, वरिष्ठ नेता सैय्यद परवेज हसन,हाजी मुनीर आलम खां उर्फ मुन्ना, मिर्जा कौसर,शेख तकी हैदर हाजी समीर अली, नासिर रजा गुड्डू, मिर्जा जमील, मेराज हैदर, मोहम्मद अफसर पुत्तु, सैय्यद कलीम जैदी, मोहम्मद तकी बादशाह, अहमद इत्यादि मौजूद थे। इस प्रोग्राम में काफी तादाद में सुन्नी मुसलमानो ने भी शिरकत करके इस्लामी एकता को मजबूत किया। मुतवल्ली शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर शेख अली मंजर डेजी ने मजलिस व जलसे में शिरकत करने वाले तमाम हजरात का शुक्रिया अदा किया।

# खिड़की से लटकता मिला युवक का शव

**आजमगढ़(उत्तरशक्ति)।** आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के उदियावा गांव में बुधवार की सुबह खिड़की से लटकता हुआ एक युवक का शव मिला। मौके पर बरदह थाना व देवगांव कोतवाली पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम भी पहुंची। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया ।बरदह थाना क्षेत्र के उदियावा गांव निवासी रत्नेश तिवारी उर्फ मोनू ( 35 ) ट्रक चलाने का काम करता था। मंगलवार की रात वह घर में सोया था।

## पागल कुत्ते ने सिपाही समेत चार को काटकर किया जख़्मी

खेतासराय, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय कस्बे में पागल कुत्ते के हमले से सिपाही समेत कई लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पागल कुत्ते ने शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे खुटहन रोड पर करमजीत पुत्र राम प्रसाद 48 वर्ष निवासी ग्राम रसूलपुर थाना खुटहन व अभिषेक कुमार पुत्र दिलीप कुमार 19 वर्ष निवासी ग्राम भेलारा जिला अम्बेडकरनगर के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद मेन चौराहे पर मस्जिद के पास जुमे की नमाज मे डियूटी मे लगे कांस्टेबल आशुतोष तिवारी पुत्र अशोक तिवारी 30 वर्ष को उछलकर पेट में पकड़ लिया। दीदारगंज रोड पर अंश यादव पुत्र हरि प्रसाद 16 वर्ष निवासी ग्राम शेखवलिया शाहापुर अपनी सब्जी की दुकान पर झाड़ू लगा रहा था तभी उसके मुँह पर पकड़ लिया। लोगों ने हल्ला मचाया तो पागल कुत्ता रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गया। घायल 3 लोगों का प्राथमिक उपचार स्वास्थ केंद्र सोंधी मे भर्ती कराने के बाद घर चले गये तथा एक का निजी चिकित्सालय मे उपचार कराया गया।

## पागल कुत्ते ने सिपाही समेत चार को काटकर किया जख़्मी

खेतासराय, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय कस्बे में पागल कुत्ते के हमले से सिपाही समेत कई लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पागल कुत्ते ने शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे खुटहन रोड पर करमजीत पुत्र राम प्रसाद 48 वर्ष निवासी ग्राम रसूलपुर थाना खुटहन व अभिषेक कुमार पुत्र दिलीप कुमार 19 वर्ष निवासी ग्राम भेलारा जिला अम्बेडकरनगर के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद मेन चौराहे पर मस्जिद के पास जुमे की नमाज मे डियूटी मे लगे कांस्टेबल आशुतोष तिवारी पुत्र अशोक तिवारी 30 वर्ष को उछलकर पेट में पकड़ लिया। दीदारगंज रोड पर अंश यादव पुत्र हरि प्रसाद 16 वर्ष निवासी ग्राम शेखवलिया शाहापुर अपनी सब्जी की दुकान पर झाड़ू लगा रहा था तभी उसके मुँह पर पकड़ लिया। लोगों ने हल्ला मचाया तो पागल कुत्ता रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गया। घायल 3 लोगों का प्राथमिक उपचार स्वास्थ केंद्र सोंधी मे भर्ती कराने के बाद घर चले गये तथा एक का निजी चिकित्सालय मे उपचार कराया गया।

## भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का जन्मदिन मनाया गया



मुंबई (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला के जन्मदिन के विशेष अवसर पर राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा ब्राह्मण परिवार के अध्यक्ष एवं एस व्ही फाउंडेशन के संचालक रतन मिश्रा के माध्यम से जन्मदिवस स्वानंद बाबा आश्रम येऊर में मनाया गया। विशेष कर समाज के गणमान्य मुंबई उपनगर, कल्याण ,डोंबिवली, वसई ,मीरा रोड आदि जगह से उपस्थित रहे। ठाणे जिले से हेरिटेज मोटर्स के संचालक सुरेंद्र उपाध्याय, संतोष तिवारी एवं सामाजिक क्षेत्र में अपने कार्यों से प्रसिद्ध एवं मोदी विचार मंच के महाराष्ट्र प्रदेश के महासचिव अरुण शुक्ला ,गुड्डू पाठक, अरविंद गिरी, महेश शेट्टी, योगेश शुक्ला ,मनोज तिवारी, पंकज सिंह ,अरविंद मिश्रा, सिद्धिविनायक ट्रस्ट के नव नियुक्त कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी, गायक सुर सम्राट सुरेश शुक्ला , एवं बेलवइया के गायक शिवपूजन मिश्रा, आदि भाइयों का जन्म दिवस के विशेष अवसर पर उपस्थिति रही ।सभी ने प्रेम शुक्ला जी को हार्दिक बधाई एवं शतायु होने की कामना ईश्वर से की।

## सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया ने गोंडा में नया प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया



मुंबई। सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया को उत्तर प्रदेश के गोंडा में अपने नवीनतम आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो भारत के निर्माण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए उसकी लॉन्ग टर्म प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह केंद्र देश में जिप्रोक का 9वां प्रशिक्षण केंद्र है। इस पहल का उद्देश्य ड्राईवॉल और फाल्स-सीलिंग ट्रेडों में मुफ़्त, उद्योग-संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को अपने कौशल को बढ़ाने और अपने रोजगार की संभावनाओं को बेहतर बनाने का अवसर मिले। एक दशक से भी अधिक समय से, जिप्रोक ने भारत के निर्माण क्षेत्र को बदल कर रख दिया है, जिसमें लोगों को उद्योग-संबंधित कौशल से लैस किया गया है, जो कुशल श्रमिकों की महत्वपूर्ण कमी को पूरा करता है। जिप्रोक की प्रतिबद्धता तकनीकी ज्ञान प्रदान करने से कहीं आगे जाती है, इसमें भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण शामिल है जो आधुनिक निर्माण की उभरती जरूरतों के अनुसार काम कर सकती है। गोंडा प्रशिक्षण केंद्र इस मिशन को और भी मजबूत करता है, ड्राईवॉल और फॉल्स सीलिंग इंस्टॉलेशन में विशेष कार्यक्रम प्रदान करता है जो श्रमिकों को अर्थव्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक में कुशलता हासिल करने के लिए सशक्त बनाता है। निर्माण उद्योग के तेजी से विस्तार के साथ, कुशल श्रमिकों की मांग अभी सबसे अधिक है। जिप्रोक के प्रशिक्षण केंद्र इस मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रशिक्षुओं को व्यापक, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो जो उनकी तकनीकी क्षमताओं को निखारता है और उनकी लंबे समय की रोजगार क्षमता को बढ़ाता है। प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाता है, जो सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना समावेशिता और अवसरों तक समान पहुँच प्रदान करने के लिए जिप्रोक की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## श्री आदर्श रामलीला उपसमिति बोरीवली द्वारा रामलीला महोत्सव

मुंबई (उत्तरशक्ति)।2024 का आयोजन 15 अक्टूबर मंगलवार से शुरू होकर 24 अक्टूबर को शाम 7:00 बजे से 10:00 बजे तक रहेगा। यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम सात बजे से रात 10:00 बजे तक अनवरत जारी रहेगा। इसी क्रम में हिंदी भाषी संग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन 25 अक्टूबर सोमवार को शाम 6:00 बजे से 10:00 बजे पंडित रामजस उपाध्याय रामलीला मनोरंजन मैदान अंजटा सिनेमा के सामने, बोरिवली वेस्ट मुंबई में किया गया है। संस्था के अध्यक्ष, एड. रामकृपाल उपाध्याय ने लोगों से अपील किया है कि कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## आशिष शेलार को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



मुंबई। गुरुवार को महाराष्ट्र राज्य माजी मंत्री भाजपा मुंबई अध्यक्ष व आमदार बांद्रा-पश्चिम विधानसभा आशिष शेलार को मुंबई कार्यालय वसंत स्मृती दादर (पूर्व) मुंबई मे शॉल, पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन की बधाई दी गई। इस मौके पर सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), मो. शोएब खान, हरिकेश जैसवाल समाचार 9 ब्यूरो प्रमुख, मिथिलेश मिश्रा समेत अन्य लोगो ने भी आशिष शेलार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। आए हुए सभी मेहमानों के लिए आशिष शेलार ने अल्पाहार के साथ उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया.

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत,परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

चन्दवक, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर अहिरौली गांव के सामने शुक्रवार भोर में अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। अहिरौली गांव निवासी मिश्री शर्मा के 45 वर्षीय पुत्र सेचू शर्मा भोर में गांव के सामने ही सड़क पर किसी जरूरी काम से आये तभी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक के चपेट में आ गये जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करने के बाद शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। बता दें कि मृतक के दो पुत्र 22 वर्षीय अंकित व 12 वर्षीय विक्की तथा दो पुत्री 15 वर्षीय भिवानी व 11 वर्षीय अंकिता है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# सांसद अरुण सिंह से जूट से बने उत्पादों के

* निर्यात पर 10 फीसदी इंसेटिव की मांग

*सीईपीसी प्रशासनिक सदस्य संजय गुप्ता को सांसद ने दिया आश्वासन, कहा कारपेट फेयर में भी भाग लेंगे

-सुरेश गांधी



वाराणसी। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के प्रशासनिक सदस्य संजय गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिजार्पुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह से मिला। उन्हें सौपे पत्रक में संजय गुप्ता ने जूट से बने रग्स (कालीन) के निर्यात पर 10 फीसदी प्रोत्साहन (इन्सेन्टिव) प्रदान करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया है।

सौंपे गए ज्ञापन में संजय गुप्ता, विक्रम जैन, अंकुर मिश्रा, अभय मिश्रा, डॉ. निहाल खान, सोनू जैन, अमिताभ पाठक, विजय कुमार और विकास जैन के हस्ताक्षर है। ज्ञापन में बताया गया कि जूट का उपयोग कृषि आधारित उत्पाद के रूप में होता है, और इस कारण जूट से बने रग्स का निर्यात प्रोत्साहन से देश के किसानों और उद्योगपतियों को लाभ होगा। निर्यातकों की मांग है कि जूट रग्स के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 10 फीसदी प्रोत्साहन राशि निर्धारित की जाए, ताकि भारत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी स्थिति मजबूत कर सके और निर्यातकों को बेहतर प्रतिस्पर्धा मिल सके।

अरुण सिंह ने ज्ञापन को गंभीरता से स्वीकार किया और कहा कि वे इस मुद्दे को केंद्रीय कृषि और वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष रखकर निर्यातकों की इस मांग को मजबूती से प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि जूट उत्पादों का निर्यात बढ़ाने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और इससे भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी समेत पूरे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने अरुण सिंह का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि सरकार जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी। इस अवसर पर संजय गुप्ता ने कहा कि जूट से बने रग्स का निर्यात क्षेत्र, कृषि और उद्योग के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसे प्रोत्साहन देकर और भी आगे बढ़ाया जा सकता है। बैठक ने मिजार्पुर के उद्योगपतियों और निर्यातकों के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगाई है।

## डेकाथलॉन 10के मुंबई रन का दूसरा संस्करण संपन्न



मुंबई। डेकाथलॉन 10के मुंबई रन का दूसरा संस्करण, वेलमैन बाय मेयर विटाबायोटिक्स द्वारा प्रायोजित, 5000 से अधिक फिटनेस प्रेमियों की भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। मुंबई के कॉर्पोरेट हब बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस इवेंट ने विभिन्न वर्गों से धावकों को एक साथ लाकर खेल और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया। प्रतिभागियों में 20 दृष्टिबाधित धावक भी शामिल थे, जिन्हें समर्पित साथी धावकों द्वारा समर्थन दिया गया, जिससे इवेंट की समावेशिता प्रदर्शित हुई। ₹इस साल की अविश्वसनीय भागीदारी और उत्साह देखकर हम बेहद खुश हैं। हर स्तर के धावकों को एक साथ फिटनेस का जश्न मनाते देखना वाकई प्रेरणादायक है। हम भविष्य में इस इवेंट को और बड़ा और बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं, - अनुराग उपाध्याय, रेस डायरेक्टर, डेकाथलॉन 10के रन मुंबई। वेलमैन बाय मेयर विटाबायोटिक्स, इवेंट का प्रायोजक, ने अपने सप्लीमेंट्स की रेंज के साथ प्रतिभागियों के स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन किया। हम डेकाथलॉन के साथ साझेदारी कर गर्व महसूस करते हैं ताकि जीवनशक्ति और फिटनेस को बढ़ावा दिया जा सके। यह इवेंट हमारे मिशन के अनुरूप है कि हम लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें, राजेश तावडे, निदेशक, मेयर ऑर्गेनिक्स। प्रतिभागियों ने एक अच्छी तरह से प्रबंधित मार्ग, ऊर्जावान वॉर्म-अप और कूल-डाउन सत्र, ईपनिवाली द्वारा हाइड्रेशन, मसल गियर्स द्वारा एनर्जी बूस्ट, और ज़िक्सा स्ट्रॉन्ग पेन रिलीफ और डॉ. डालिया डेविड की टीम द्वारा फिजियोथेरेपी से पोस्ट-रेस रिकवरी का आनंद लिया। इवेंट को नानावटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स द्वारा समर्थन मिला, जिन्होंने प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित की, जबकि बजमोटो और LRMC बाइक समुदायों ने एलीट धावकों का मार्गदर्शन किया। पहले धावक ने 32 मिनट और 20 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर भविष्य की रेसों के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया।

## व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता पर जोर दिया

पटना। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पटना में 'वित्तीय स्वतंत्रताः स्टार्टअप, एमएसएमई और व्यक्तियों के लिए सुरक्षित भविष्य की योजना' विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई और स्टार्टअप को उनके विकास और स्थिरता के लिए उपयुक्त वित्तीय उपकरणों और सरकारी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। सम्मेलन में वित्तीय सलाहकार ने फंडिंग विकल्पों, कर लाभों और सरकारी प्रोत्साहनों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों और अनुभवी उद्यमियों ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने, सूचित निर्णय लेने और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाने के लिए अपने विचार साझा किए।

## Baby-Led Weaning India ने 10,000 से अधिक माता-पिता को वैश्विक स्तर पर सशक्त किया

मुंबईः Baby-Led Weaning India की स्थापना रिद्धि वर्मा ने की है। एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मनाते हुए 40 से अधिक देशों में 10,000 से अधिक परिवारों के भोजन के अनुभव को बदलने का श्रेय ले रही है। जो इसके अभिनव बेबी-लेड वीइंग (बीएलडब्ल्यू) दृष्टिकोण से संभव हुआ है। 106,000 से अधिक फालोअर्स के साथ एक फलते-फूलते इंस्टाग्राम समुदाय के साथ, रिद्धि का मिशन ठोस आहार शुरू करने को आसान और अधिक आनंदमय बनाना है, जिसने दुनिया भर के माता-पिता को प्रभावित किया है। रिद्धि वर्मा जो बाल पोषण और विकास में स्टैनफोर्ड सेंटर फॉर हेल्थ एजुकेशन से प्रमाणित विशेषज्ञ हैं। आधुनिक पालन-पोषण की रणनीतियों को पारंपरिक भारतीय मूल्यों के साथ मिलाकर व्यावहारिक सुझाव प्रदान करती हैं। इससे बेबी-लेड वीइंग भारतीय परिवारों के लिए अधिक सुलभ हो गया है। रिद्धि की यात्रा एक नई मां के रूप में शुरू हुई। जो ठोस आहार शुरू करने के बारे में उलझन में थी। वैज्ञानिक अनुसंधान की ओर मुड़ने के बाद, उसने बीएलडब्ल्यू विधि को खोजा। यह एक दृष्टिकोण है जो भारत के बाहर सामान्य रूप से अपनाया जाता है। इस विधि में सफलता से प्रेरित होकर, रिद्धि ने औपचारिक प्रमाणन प्राप्त किया और इंस्टाग्राम पर अपने विचार साझा करने लगीं। उसकी सामंजस्यपूर्ण सामग्री और विशेषज्ञता ने उसे तेजी से एक वफादार अनुयायी बना दिया। रिद्धि कहती -मैं अन्य माता-पिता की मदद करना चाहती थी जो उसी भ्रम में थे जिसमें मैं थीह्न। बीएलडब्ल्यू केवल भोजन कराने के बारे में नहीं है। यह भोजन के साथ एक सकारात्मक संबंध बनाने के बारे में है। जहां माता-पिता और बच्चे दोनों भोजन के समय का आनंद लेते हैं।

## बेबी-लेड वीइंग इंडिया ने 10,000 से अधिक माता-पिता को वैश्विक स्तर पर सशक्त किया

मुंबई। बेबी-लेड वीइंग इंडिया की स्थापना रिद्धि वर्मा ने की है। एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मनाते हुए 40 से अधिक देशों में 10,000 से अधिक परिवारों के भोजन के अनुभव को बदलने का श्रेय ले रही है। जो इसके अभिनव बेबी-लेड वीइंग (बीएलडब्ल्यू) दृष्टिकोण से संभव हुआ है। 106,000 से अधिक फालोअर्स के साथ एक फलते-फूलते इंस्टाग्राम समुदाय के साथ, रिद्धि का मिशन ठोस आहार शुरू करने को आसान और अधिक आनंदमय बनाना है, जिसने दुनिया भर के माता-पिता को प्रभावित किया है। रिद्धि वर्मा जो बाल पोषण और विकास में स्टैनफोर्ड सेंटर फॉर हेल्थ एजुकेशन से प्रमाणित विशेषज्ञ हैं। आधुनिक पालन-पोषण की रणनीतियों को पारंपरिक भारतीय मूल्यों के साथ मिलाकर व्यावहारिक सुझाव प्रदान करती हैं। इससे बेबी-लेड वीइंग भारतीय परिवारों के लिए अधिक सुलभ हो गया है। रिद्धि की यात्रा एक नई मां के रूप में शुरू हुई। जो ठोस आहार शुरू करने के बारे में उलझन में थी। वैज्ञानिक अनुसंधान की ओर मुड़ने के बाद, उसने बीएलडब्ल्यू विधि को खोजा। यह एक दृष्टिकोण है जो भारत के बाहर सामान्य रूप से अपनाया जाता है। इस विधि में सफलता से प्रेरित होकर, रिद्धि ने औपचारिक प्रमाणन प्राप्त किया और इंस्टाग्राम पर अपने विचार साझा करने लगीं। उसकी सामंजस्यपूर्ण सामग्री और विशेषज्ञता ने उसे तेजी से एक वफादार अनुयायी बना दिया। रिद्धि कहती -ह्नमैं अन्य माता-पिता की मदद करना चाहती थी जो उसी भ्रम में थे जिसमें मैं थीह्न। ह्नबीएलडब्ल्यू केवल भोजन कराने के बारे में नहीं है।यह भोजन के साथ एक सकारात्मक संबंध बनाने के बारे में है। जहां माता-पिता और बच्चे दोनों भोजन के समय का आनंद लेते हैं। अपने पाठ्यक्रमों और कोचिंग के माध्यम से, रिद्धि ने हजारों माता-पिता को तनाव-मुक्त भोजन के समय की ओर मार्गदर्शन किया है। माता-पिता लगातार उसकी पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों के संयोजन की सराहना करते हैं, जो बच्चे की स्वतंत्रता और परिवार के सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करते हैं।

## प्रजनन स्वतंत्रता के लिए मुंबई में महिलाओं के बीच एक बढ़ता हुआ चलन

मुंबई। डॉ. श्रुति मुंबई में, एक व्यस्त महानगर जो अपनी तेज-तर्रार जीवनशैली और प्रगतिशील मानसिकता के लिए जाना जाता है, एग फ्रीजिंग उन महिलाओं के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन रहा है जो अपने प्रजनन भविष्य पर नियंत्रण रखना चाहती हैं। डॉ. श्रुति जैसे-जैसे ज्यादा से ज्यादा महिलाएँ अपने करियर, शिक्षा और व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता दे रही हैं, एग फ्रीजिंग प्रजनन क्षमता को बनाए रखते हुए मातृत्व को स्थगित करने का एक व्यावहारिक विकल्प प्रदान करता है।

एग फ्रीजिंग, या ओसाइट क्रायोप्रिजर्वेशन, में बाद की तारीख में संभावित उपयोग के लिए एक महिला के अंडों को निकालना और फ्रीज करना शामिल है। महिलाएँ आमतौर पर अपने 20 के दशक के अंत या 30 के दशक की शुरूआत में इस प्रक्रिया पर विचार करती हैं, जब उनके अंडे सबसे ज्यादा व्यवहार्य होते हैं। डॉ. श्रुति मुंबई भर में फर्टिलिटी क्लीनिक एग-फ्रीजिंग सेवाओं की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट कर रहे हैं, जो शहर की महिलाओं के बीच बढ़ते चलन को दशार्ता है। मुंबई में बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ की प्रजनन विशेषज्ञ डॉ. श्रुति कहती हैं, ₹मुंबई में महिलाएं करियर में उन्नति और व्यक्तिगत विकास के पक्ष में माँ बनने में देरी करना पसंद कर रही हैं। अंडे को फ्रीज करने से उन्हें अपने प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में सूचित विकल्प बनाने का अधिकार मिलता है, जबकि वे अपने तात्कालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। अंडे को फ्रीज करने के बारे में जागरूकता में वृद्धि सार्वजनिक हस्तियों और मशहूर हस्तियों द्वारा भी प्रेरित है, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए हैं। उदाहरण के लिए, बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी ने हाल ही में अपने अंडे फ्रीज करने के अपने फैसले पर चर्चा की, जिससे कई महिलाओं को इस प्रजनन विकल्प के लाभों पर विचार करने की प्रेरणा मिली।

## बिंद समाज विकास संघ द्वारा निशुल्क नोटबुक वितरण 6 अक्टूबर को

मुंबई (उत्तर शक्ति)। 6 अक्टूबर 2024 रविवार को बिंद समाज विकास संघ द्वारा आयोजित सातवें वार्षिक सम्मेलन झवेरबेन पोपटलाल ऑडिटोरियम हॉल घाटकोपर पूर्व मुंबई में दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 तक आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में निःशुल्क नोटबुक वितरण लगभग 600 छात्र-छात्राओं को रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भदोही के सांसद डॉक्टर विनोद कुमार बिंद भाग ले रहे है साथ में , उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, से भी समाजसेवियों का आगमन हो रहा है। संघ सभी स्वजातीय बंधुओ से अपील किया है कि समय से पहुंचकर बच्चों के भविष्य में सहायक बने।

## नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री को दर्शन करने पहुंचे विधायक प्रताप सरनाईक



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा भायंदर काशीमीरा ढाचकुल पाड़ा में ज्वाला महिला मंडल द्वारा स्थापित मां जगदंबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण हो ऐसा उन्होंने माता रानी से कामना की। ज्वाला महिला मंडल के अध्यक्ष, कबिता भोये, के द्वारा भक्तों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर विधायक प्रताप सरनाई, को साल गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत एवं सत्कार किया गया।

## ओसवाल नगरी शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 नवंबर से



प्रेम चंद मिश्रा

नालासोपारा। नालासोपारा पूर्व ओसवाल धर्म नगरी स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर पर आयोजक प्रेम कृष्ण तिवारी (लक्ष्मी रियल एस्टेट एजेंट), सुरेश तिवारी, राधाकृष्ण तिवारी तथा ओसवाल नगरी के सभी शिवभक्तों द्वारा श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजित किया जा रहा है। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु आयोजित सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ नालासोपारा पूर्व में ओसवाल नगरी जिसे आज धर्मनगरी भी कहा जाता है। कथा वाचक साध्वी भाग्यश्री देवी जी ने अपने मुखारविंद से अमृत रुपी वर्षा करेंगी। सभी भक्तों से निवेदन है कि समय पर पधार कर श्री मद्भागवत को सफल बनाएं। श्री मद्भागवत कथा का शुरूआत मंगलवार 12 नवंबर 2024 को कलशयात्रा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। उसी दिन शाम 4 बजे से 8 बजे के बीच श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सात दिवसीय कार्यक्रम का श्री गणेश होगा। कथा का पूणार्हुति 18 नवंबर 2024 दिन सोमवार को महाप्रसाद( भंडारे) के साथ संपन्न होगा। यह जानकारी व्यवस्थापक प्रेम कृष्ण तिवारी ने प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से दी है।

## पत्रकार नरेन्द्र सोनी का स्वागत



वसई रोड। वसई रोड स्थित साईनगर जनता फरसाण के पास दुर्गा माता का पंडाल भाजपा वॉर्ड अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा स्थापित किया गया है। आज उत्तरशक्ति न्यूज के मुंबई रिपोर्टर नरेंद्र सोनी ने दर्शन किया जहां पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर वॉर्ड अध्यक्ष मनोज शर्मा, महिला मोर्चा वॉर्ड अध्यक्ष बबिता शर्मा, मंडळ सचिव दुर्लभ पडिढयार, युवा मोर्चा के सुमित कनोजिया, पुलिस संगठक साईनगर शाखा अध्यक्ष गायत्री वेनेकर, कार्यकर्ता श्रीनिवास कोठारी, प्रणव गुप्ते उपस्थित रहे।

## जेलियो ईबाइक्स ने ईवा ZX+ लो-स्पीड स्कूटर का नया स्टाइलिश लुक पेश किया

मुंबई, 4 अक्टूबर 2024: जेलियो ईबाइक्स, जो भारत के इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में अग्रणी है, ने ईवा ZX+ मॉडल का पुनः डिजाइन लॉन्च किया है, जिसे एक चिकना और आकर्षक रूप के साथ डिजाइन किया गया है। लोकप्रिय ईवा सीरीज का हिस्सा, जिसमें ईवा और ईवा इको जैसे मॉडल शामिल हैं, नया ईवा ZX+ आधुनिक शहरी यात्रियों के लिए बनाया गया है, जिसमें छात्र, पेशेवर और गिग वर्कर्स शामिल हैं, जो स्टाइल और कार्यक्षमता का संयोजन चाहते हैं। नई डिजाइन की गई ईवा ZX+ एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर अनुभव प्रदान करती है, जिसकी टॉप स्पीड 25 किमी/घंटा और एक बार चार्ज करने पर 100 किमी तक की प्रभावशाली रेंज है। यह 60/72V के BLDC मोटर से संचालित होता है, जिसका कुल वजन 90 किलोग्राम और लोडिंग क्षमता 180 किलोग्राम है, जो प्रदर्शन और विश्वसनीयता का सही संतुलन प्रदान करता है। सुरक्षा और आराम को प्राथमिकता देते हुए, ईवा ZX+ में फ्रंट डिस्क ब्रेक, रियर ड्रम ब्रेक और दोनों तरफ हाइड्रोलिक शॉक एब्जॉर्बर दिए गए हैं, जो एक स्मूद राइड सुनिश्चित करते हैं।


